हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 174, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 10 दिसम्बर, 2021 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

4 दशक से लटकी परियोजना को 4 साल में किया पूरा : सीएम योगी

सरयू नहर परियोजना : सीएम ने बहराइच के गोपिया बैराज पंहुच कर किया निरीक्षण

लखनऊ। पूर्वांचल की बहु प्रतीक्षित सरयू नहर परियोजना का 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बलरामपुर जिले में लोकार्पण करेंगे। लगभग 9802 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सरयू नहर परियोजना का बलरामपुर के हसुंवाडोल गांव से लोकार्पण होगा। लोकार्पण कार्यक्रम स्थल को देखने बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच के गोपिया बैराज पंहुच कर निरीक्षण किया। इसके बाद वह श्रावस्ती में राप्ती बैराज निरीक्षण के लिए पहुंचे। यह परियोजना बहराइच जिले के कैलाशपुरी (जहां पर दो नदी गेरुआ और कौड़ियाला का संगम स्थल तथा घाघरा नदी का उत्पत्ति स्थल है) से शुरू होकर पूर्वांचल के नौ जिलों में फैली है। सरयू नहर परियोजना के अन्तर्गत बहराइच के मिहीपुरवा तहसील क्षेत्र के दो प्रमुख स्थानों कैलाशपुरी और गोपिया में बैराज बने हैं। नहर तथा बैराजों की वर्तमान स्थिति की जांच व तैयारियों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवलोकन किया। उनके साथ जलशक्ति मंत्री महेंद्र सिंह भी थे। इस मौके पर जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र, ब्लाक प्रमुख सौरभ वर्मा, विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल, योगेशप्रताप सिंह आदि थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर चीफ डिफेंस स्टाफ जनरल विपिन रावत के निधन पर शोक जताया और देश की अपूर्णीय क्षति करार दिया। उन्होंने कहा कि मंत्रियों को मृत सैनिकों के आवास पर जाकर शोक जताने को कहा है। वह खुद भी जाएंगे। उन्होंने बताया कि कि 1972 में सरयू नहर परियोजना परियोजना बनी और कार्य लगभग 45 साल पहले 1978 में शुरू हुआ। राजनीतिक उठा-पटक और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण यह परियोजना अधर में लटकी रही। वर्ष 2017 तक मात्र 52 प्रतिशत ही कार्य हुआ था। इसके बाद चार साल में 48 फीसदी कार्य पूर्ण कराया। उन्होंने कहा कि सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना से 6,227 गांवों की लगभग 15 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो सकेगी। कृषि एवं कृषक उत्थान को समर्पित 'सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना' विकास के नए मानक स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना चार दशक से अधिक समय से लंबित थी। प्रधानमंत्री 11 दिसंबर को इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इससे नौ जनपदों के लगभग 30 लाख किसान लाभान्वित होंगे, साथ ही यह परियोजना प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सहायक बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि पहले देवीपाटन मंडल के तीन जिलों तक परियोजना सीमित थी, जिसे बढ़ा कर नौ जिला कर दिया गया है। इस परियोजना से बलरामपुर, श्रावस्ती, गोंडा, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर, महाराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर और कुशीनगर जिलों के 25 लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे।

भयानक हादसे की वजह से अवशेष को पहचानने में हो रही दिक्कत, परिवार की लेंगे मदद : भारतीय सेना

नई दिल्ली। कुन्नूर हेलीकॉप्टर हादसे को लेकर भारतीय सेना ने ताजा जानकारी दी है। इसके तहत सेना ने कहा है कि हादसा इतना भयानक था कि अवशेषों की पहचान करने में कठिनाई हो रही है। प्रियजनों की संवेदनशीलता और भावनात्मक भलाई को ध्यान में

रखते हुए सकारात्मक पहचान के लिए सभी संभव उपाय किए जा रहे हैं। सेना ने आगे कहा कि सभी मृतक जवानों के परिजन दिल्ली पहुंच रहे हैं। सभी को आवश्यक सहायता और सहायता प्रदान की जा रही है। वैज्ञानिक उपायों के अलावा सकारात्मक पहचान के लिए परिवार के करीबी सदस्यों की मदद ली जाएगी। तमिलनाडु के कुन्नूर में बुधवार को हुए हेलीकॉप्टर हादसे में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी। वायुसेना ने इस हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं।हालांकि एमआई-17 वी5 हेलिकॉप्टर के क्रैश हो जाने के पीछे खराब मौसम ही बताया जा रहा है।

दिल्ली लाया जा रहा पार्थिव शरीर, रास्ते में की जा रही फूलों की बारिश, कल होगा अंतिम संस्कार

नई दिल्ली। देश के पहले चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत के निधन से पूरा देश स्तब्ध है। हर कोई उन्हें नम आंखों से अपनी श्रद्धांजलि दे रहा है। मद्रास रेजीमेंटल सेंटर में सीडीएस जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी के पार्थिव शरीर को रखा गया है। यहां पर सैनिक सम्मान के साथ उनको

सीडीएस जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी को हर कोई नम आंखों से दे रहा श्रद्धांजलि

अंतिम विदाई दी जा रही है। इसके बाद इन्हें वायु सेना के विमान से दिल्ली लाया जाएगा। उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन भी पहुंचे। तेलंगाना की गवर्नर और पुडुचेरी की उपराज्यपाल तमिलसई सुंदराजन ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उनका पार्थिव शरीर दिल्ली लाया जा रहा है। एयरपोर्ट के रास्ते में उनके पार्थिव शरीर पर फूलों की बारिश की जा रही है।

कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि- कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन को देश के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि उनके सम्मान में आज विपक्ष का होने वाला धरना प्रदर्शन भी नहीं किया जाएगा। बता दें कि यहीं से सीडीएस जनरल बिपिन रावत ने पढ़ाई भी की थी। ये विश्व का पहला ज्वाइंट फोर्स का सर्विस कालेज भी है। यहां पर करीब 550 सैन्य अधिकारी अपनी पढ़ाई के दौरान भविष्य की चुनौतियों से निपटने की जानकारी पाते हैं। यहां पर करीब 50 अधिकारी दूसरे देशों से होते हैं। उत्तराखंड जहां के बिपिन रावत रहने वाले थे वहां की विधानसभा में भी उनको श्रद्धांजलि दी गई है। राज्य मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों समेत सभी विधायकों और अधिकारियों ने उनके फोटो के सामने पुष्प अर्पित किए। बता दें कि पौड़ी में अब भी उनके पैतृक गांव में उनके चाचा और उनका परिवार रहता है। कुछ वर्ष पहले वो यहां पर एक पूजा में शामिल होने के लिए भी आए थे। अब एक वीडियो सामने आया है जो इस हेलीकाप्टर के क्रैश होने से पहले का है। बताया जा रहा है कि ये वीडियो कुछ स्थानीय पर्यटकों ने बनाया था। इसमें देखा जा सकता है कि क्रैश होने से पहले हेलीकाप्टर काफी नीचे उड़ रहा था और वहां पर घने बादल छाए थे। माना जा रहा है कि बुधवार को जब ये हेलीकाप्टर क्रैश हुआ उस वक्त मौसम बेहद खराब था और पायलट को शायद देखने में काफी दिक्कत आ रही होगी। अमरोहा के आर्टिस्ट जोयाब खान ने चारकोल से सीडीएस जनरल बिपिन रावत का पोर्टरेट बनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ये पोर्टरेट करीब आठ फीट ऊंचा है। तमिलनाडु के फोरेंसिक साइंस डिपार्टमेंट की टीम इसके डायरेक्टर श्रीनिवासन के नेतृत्व में मौके (कुन्नूर के केट्री) पहुंची है।

दिल्ली के बार्डर से किसान आंदोलन स्थगित करने का ऐलान, शनिवार से शुरू होगी प्रदर्शनकारियों की वापसी

नई दिल्ली/ सोनीपत/ गाजियाबाद। तीनों केंद्रीय कृषि सुधार कानूनों के विरोध में दिल्ली से सटी सीमाओं पर एक साल से अधिक समय से चल रहा किसान आंदोलन बृहस्पतिवार को समाप्त

हो गया। दरअसल, संयुक्त किसान मोर्चा ने दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बार्डर पर अहम बैठक के बाद किसान आंदोलन का स्थगित करने का ऐलान किया। इसके साथ यह भी कहा गया है कि 15 जनवरी को SKM समीक्षा बैठक करेगा, अगर केंद्र सरकार ने बातें नहीं मानीं तो आंदोलन फिर शुरू होगा। ऐसे इशारा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की ओर से भी किया गया है।

SKM के नेताओं ने बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में जानकारी दी कि 11 दिसंबर से चरणबद्ध तरीके से किसानों की वापसी होगी। इसके तहत दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बार्डर (कुंडली बार्डर) शंभु बार्डर तक जुलूस के रूप में किसान प्रदर्शनकारी जाएंगे। इसके बीच में करनाल में पड़ाव हो सकता है। प्रदर्शनकारियों की वापसी के दौरान हरियाणा के किसान पंजाब जाने वाले किसानों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा करेंगे। किसान नेताओं ने पत्रकार वार्ता में यह भी बताया कि 15 जनवरी को दिल्ली में संयुक्त किसान मोर्चा की समीक्षा बैठक होगी। इस मौके पर किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा, हर माह होगी समीक्षा। यदि सरकार अपने वादे से मुकरी तो फिर आंदोलन शुरू करेंगे। वहीं, मिली जानकारी के मुताबिक, सिंघु बार्डर (कुंडली बार्डर) पंजाब-हरियाणा से शंभु बार्डर तक फतह मार्च निकाला जाएगा। मोर्चा किस तरह वापसी करेगा, कहां-कहां इनका पड़ाव और कैसे व्यवस्था होगी? इस पर भी मंथन किया गया है और जल्द ही इसे सार्वजनिक किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से कहा गया है कि किसान आंदोलन खत्म होने का कोई जश्न शुक्रवार को नहीं मनाया जाएगा।

जम्मू-कश्मीर : फारूक अब्दुल्ला ने केंद्र पर लगाए जम्मू-कश्मीर परिसीमन आयोग की रिपोर्ट को टालने के आरोप

जम्मू। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने परिसीमन आयोग की रिपोर्ट को लाने के बजाए टालने पर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार विधान सभा चुनाव नहीं करवाना चाहती। जिसके चलते परिसीमन की रिपोर्ट को बार-बार स्थगित किया जा रहा है। उपराज्यपाल शासन और नौकरशाही से लोग तंग आ चुके हैं। लोकतंत्र के लिए नौकरशाही, तानाशाही उचित नहीं है। उन्हें भी परिसीमन कमेटी में रखा गया है लेकिन आज तक उनसे कमेटी ने कोई बात नहीं की। उन्हें किसी बात को लेकर भी विश्वास में नहीं लिया गया है। हालांकि जानकारी अनुसार रिपोर्ट तैयार है। इसे 6 मार्च 2022 तक लागू करना था लेकिन बार-बार इसे टाला जा रहा है। शेर-ए-कश्मीर भवन में जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस ओबीसी सेल के एक दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए डा. फारूक अब्दुल्ला ने कहा आयोग के सदस्य होने के नाते उन्हें न तो आमंत्रित किया गया और न ही कोई प्रारंभिक रिपोर्ट दिखाई गई।

जम्मू-कश्मीर के लोग अब और इंतजार नहीं कर सकते क्योंकि लोकप्रिय सरकार का कोई विकल्प नहीं है। सत्तावादी और नौकरशाही शासन के कुशासन के कारण लोगों ने अपना धैर्य खो दिया है। चुनावों का कोई विकल्प नहीं हो सकता। जिस तरह से सरकार परिसीमन रिपोर्ट में देरी कर रही है। ऐसा लगता है कि निकट भविष्य में चुनाव कराने का उनका कोई इरादा नहीं है। उन्होंने सरकार द्वारा लगातार झूठे वादों के लिए सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि ऐसा रवैया देशहित में नहीं है। डा. फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि सबसे जरूरी है कि मीडिया की स्वतंत्रता बनी रहे। मीडिया को निष्पक्ष और निडर हो कर काम करने दिया जाना चाहिए। आज मीडिया दबाव में काम कर रहा है। जिसके चलते आम जनता गुमराह हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रेस को पूर्ण स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए एक कानून लाने का आह्वान किया।

पंजाब की नेशनल शूटर खुशसीरत ने खुद को गोली से उड़ाया, इजिप्ट में मेडल न मिलने से थी तनाव में

फरीदकोट। पंजाब की होनहार शूटर ने अपनी ही शूटिंग गन से खुद को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। 19 वर्षीय खुशसीरत कुछ समय पहले इजिप्ट में हुए शूटिंग वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने गई थी। वहां वह मेडल हासिल करने में विफल रही। बीते दिनों पटियाला में भी नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में उसे निराशा हुई। यहां भी वह कोई मेडल नहीं जीत पाई। इसके कारण वह मानसिक तनाव में थी। बताया जा रहा है कि इसी परेशानी के कारण उसने देर रात अपनी ही शूटिंग गन से कनपट्टी पर गोली मार ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार के नजदीकी हाकी प्रशिक्षक हरबंस सिंह ने बताया कि खुशसीरत ने पिछले नेशनल गेम्स में शूटिंग में 11 मेडल हासिल किए थे। इसके बाद उसका चयन इजिप्ट में हुए वर्ल्ड कप में हुआ था, लेकिन वहां खुशसीरत कोई मेडल हासिल न कर सकी। इससे वह निराश हो गई। पटियाला में हुई नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में भी उसे निराशा हाथ लगी। पटियाला में हुई प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर जब से खुशसीरत लौटी थी, तब से वह

गुमसुम सी थी। उसे इस बात का तनाव था कि वह मेडल नहीं जीत पा रही। पारिवारिक सदस्यों ने कई बार उसे समझाया, लेकिन उसका तनाव कम नहीं हुआ। इसी तनाव में उसने देर रात अपनी शूटिंग गन से खुद को गोली मार दी। थाना प्रमुख हरजिंदर सिंह ने कहा कि वीरवार सुबह उनको सूचना मिली थी कि एक लड़की खुशसीरत कौर पुत्री जसविंदर सिंह ने अपने आप को गोली मार ली है। इसके बाद वह मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया है। मामले में परिवार के बयान भी लिए जा रहे हैं।

अलवर में पांच नाबालिग छात्राओं से हुआ था सामूहिक दुष्कर्म, अब प्रिंसिपल समेत 15 शिक्षकों पर एफआईआर

अलवर। राजस्थान के अलवर जिले के एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल सहित 15 शिक्षकों पर पांच नाबालिग छात्राओं से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। भिवाड़ी के पुलिस अधीक्षक राम मूर्ति जोशी ने कहा

कि सभी 15 लोगों पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण, पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। अभी तक किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को शक है कि यह स्कूल के एक पूर्व शिक्षक द्वारा बदले की भावना के तहत घटना को अंजाम दी गई हो। जिसे पिछले दिसंबर में तीन छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि छात्राओं का आरोप है कि पुरुष शिक्षक अपनी महिला साथियों के साथ मिलकर उनके साथ दुष्कर्म करते थे।

लड़कियों के परिवार ने किया मेडिकल जांच कराने से इनकार- भिवाड़ी के एसपी जोशी ने कहा कि लड़कियों के परिवार वालों ने मेडिकल जांच कराने से इनकार कर दिया है। उनके बयान अदालत में दर्ज किए जाएंगे और गहन जांच की जाएगी। जोशी ने आगे कहा कि पहली प्राथमिकी स्कूल में पढ़ने वाली दो बहनों की शिकायत पर आधारित थी, दूसरी प्राथमिकी में दो और लड़कियों का जिक्र है और तीसरा मामला एक अन्य नाबालिग से जुड़ा है।

पाकिस्तान ने भी जताया सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन पर दुख, लोगों ने कहा कि देश के प्रहरी को सलाम

नई दिल्ली। सीडीएस जनरल बिपिन रावत हमेशा ही पाकिस्तान को भारत के लिए खतरा नंबर दो मानते थे। उनके लिए सबसे बड़ा खतरा चीन था। इस बात को उन्होंने कई बार उजागर भी किया था। पाकिस्तान की बात करें तो आतंकियों के खिलाफ आपरेशन का उन्हें काफी अनुभव था। इसलिए ही उनके नेतृत्व में आतंकियों के खात्मे के लिए जो आपरेशन आल आउट चलाया गया था उसको जबरदस्त सफलता मिली थी। एक निजी चैनल के कार्यक्रम में एक बार उन्होंने कहा था कि इसकी सफलता का श्रेय उन्हें नहीं, बल्कि उन जवानों को जाता है, जो जम्मू कश्मीर के मौजूदा हालातों को जानते हैं और अपने काम को अंजाम देते हैं। पाकिस्तान को लेकर दिए गए उनके बयानों पर अक्सर पाकिस्तान की सेना की तरफ से तीखी बयानबाजी की जाती थी। लेकिन आज पाकिस्तान ने भी इस जांबाज फौजी के आकस्मिक निधन पर शोक जताया है।

पाकिस्तान के

डीजीआईएसपीआर द्वारा किए गए ट्वीट में पाकिस्तान के आर्मी चीफ और अन्य की तरफ से कहा गया है कि जनरल नदीम रजा, जनरल कमर जावेद बाजवा और सीओएएस (चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ) भारत में हुए हेलीकॉप्टर क्रैश में सीडीएस जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी और अन्य लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत पर अपनी संवेदनाएं जाहिर करते हैं। आपको बता दें कि पाकिस्तान के मौजूदा आर्मी चीफ जनरल कमर बाजवा संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना के तहत कांगो मिशन में एक साथ सेवाएं दे चुके हैं। उस वक्त जनरल बाजवा सीडीएस बिपिन रावत के जूनियर के रूप में काम करते थे। जनरल बाजवा और सीडीएस बिपिन रावत में कई समानताएं भी थीं। दोनों ने ही अपना लंबा समय सीमा पर कमांडर के रूप में सेवा देते हुए बिताया था। दोनों ने ही अपने-अपने देशों के सर्वोत्तम आर्मी कालेज से पढ़ाई और ट्रेनिंग ली थी और दोनों को ही आतंकियों के खिलाफ लड़ाई का लंबा अनुभव था। दोनों को ही इसमें एक्सपर्ट माना जाता था। आपको बता दें कि पाकिस्तान सेना ने जब सीडीएस रावत के निधन को लेकर ट्वीट कर शोक जताया तो कुछ लोगों ने इस पर ऐतराज भी जताया। वहीं, कुछ लोगों ने ऐसे लोगों को करारा जवाब देते हुए कहा कि देश की सीमा के हर प्रहरी को सम्मान देना चाहिए यही मानवता है और यही एक जवान के लिए सबसे बड़ा सम्मान भी है।

हरियाणा में निजी सेक्टर में हरियाणावियों को 75% आरक्षण देने को चुनौती, हाई कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार द्वारा राज्य में हरियाणवियों निजी क्षेत्र की नौकरी में 75 प्रतिशत आरक्षण के फैसले (हरियाणा स्टेट एंप्लॉयमेंट आफ लोकल कैंडिडेट एक्ट 2020) को पंजाब एवं हरियाणा में चुनौती दी गई है। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रवि शंकर झा एवं जस्टिस अरुण पल्ली की खंडपीठ ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब कर लिया है। यह एक्ट 15 जनवरी को हरियाणा में लागू होना है, कोर्ट ने इससे पहले सरकार को इस मामले में जवाब दायर करने का आदेश दिया है। इस मामले में फरीदाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में रोजगार अधिनियम 2020 को रद करने की मांग की गई है। याचिका में आशंका जताई गई है कि इस कानून के लागू होने से हरियाणा से इंडस्ट्री का पलायन हो सकता है तथा वास्तविक कौशलयुक्त युवाओं के अधिकारों का हनन है। याचिकाकर्ता एसोसिएशन के अनुसार 75 फीसद नौकरियां आरक्षित करने के लिए 2 मार्च, 2021 को लागू अधिनियम और 6 नवंबर, 2021 की अधिसूचना संविधान, संप्रभुता के प्रावधानों के खिलाफ है। याचिका में इस एक्ट पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका के अनुसार हरियाणा सरकार का यह फैसला योग्यता के साथ अन्याय है। ओपन की जगह आरक्षित क्षेत्र से नौकरी के लिए युवाओं का चयन करना एक प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। सरकार का यह फैसला अधिकार क्षेत्र से बाहर का व सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों के खिलाफ है, इसलिए इसे रद किया जाए। याचिका के अनुसार धरती पुत्र नीति के तहत हरियाणा सरकार निजी क्षेत्र में आरक्षण दे रही है, जो नियोक्ताओं के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है, क्योंकि निजी क्षेत्र की नौकरियां पूर्ण रूप से योग्यता व कौशल पर आधारित होती हैं। याचिका के अनुसार यह कानून उन युवाओं के संवैधानिक अधिकार के खिलाफ है जो शिक्षा के आधार पर भारत के किसी भी हिस्से में नौकरी करने की योग्यता रखते हैं।

चिंतन मनन

चीन की हरकत

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ताकतवर टेबल पर भारत की मौजूदगी भी चीन को खटक रही है। अलग-अलग तरीकों से भारत की राह में रोड़ा खड़ा करने का प्रयास चीन कर रहा है। ताजा कवायद में आतंकवाद के मुद्दे पर चीन का एक बार फिर से दोहरा मापदंड सामने आया है। चीन-भारत और रूस के बीच पिछले दिनों हुई वर्चुअल बैठक के प्रेस नोट से चीन ने जैश व लश्कर जैसे पाकिस्तानी आतंकी संगठनों का जिक्र ही हटा दिया। जबकि ये दोनों आतंकी संगठन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा प्रतिबंधित किए गए हैं। अब भारत ने रूस के साथ होने जा रहे सम्मेलन में चीन और पाकिस्तान दोनों को बेनकाब करने की तैयारी कर ली है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के भारत आगमन से पहले भारतीय अधिकारी इस पर रणनीति भी तैयार कर रहे हैं और पाकिस्तान द्वारा संचालित आतंकी संगठनों पर लगाम लगाने के लिए ठोस रणनीति बनाने की तैयारी में हैं। इसके तहत भारत केंद्रित आतंकी संगठनों को पूरी तरह खत्म करने का मसौदा तैयार किया जाएगा। रूस हमेशा से ही भारत में आंतकी घटनाओं के प्रति चिंतित रहा है। इसलिए दोनों देश इस पर कोई नई रणनीति तैयार कर सकते हैं। जैश और लश्कर को बचाने की चीन की रणनीति नई नहीं है। वह कई मौकों पर ऐसा कर चुका है। मसूद अजहर पुलवामा हमले का मास्टर माइंड है और फिलहाल पाकिस्तान में है।सवाल यह है कि आखिर चीन को कुख्यात आतंकी अजहर से इतना प्यार क्यों है कि वह दुनिया के कई बड़े देशों की नाराजगी मोल ले कर भी अजहर का रक्षाकवच बना हुआ है। जवाब यह है कि चीन भारत को अपना प्रतिद्वंदी मानता है और जो भी तत्व भारत के लिए सिरदर्द साबित होते हैं उनकी मदद कर रहा है। वह भारत से सीधे कोई दुश्मनी मोल लेने से बचना चाहता है मगर पाकिस्तान की मदद भी कर रहा है, उसे बचा रहा है जो सीधे भारत में दहशत फैला रहा है। इस मामले में उसके हथियार हैं आतंकवादी संगठन। चीन ऐसे ही अजहर मसूद का बचाव कर रहा है। वैसे उसके लिए यह नई बात नहीं है। भारत के उत्तर पूर्व में वह पहले भी कई आतंकवादी संगठनों की मदद करता रहा है। पिछले कुछ समय से चीन की पाकिस्तान के साथ मित्रता नई ऊंचाइयों को छूती जा रही है। इस दोस्ती के गहराने की वजह है चीन पाकिस्तान आर्थिक कोरिडोर। इस योजना पर 46 बिलियन डॉलर की विशाल पूंजी लग रही है। अजहर ने इस परियोजना कि कभी खिलाफत नहीं की। अजहर के तालिबान से भी अच्छे संबंध है उन्होंने ने भी परियोजना का विरोध नहीं किया। इस कारण परियोजना सुरक्षित है। इस क्षेत्र में जैश का खासा दबदबा है। चीन को आशंका है कि अगर उसने मसूद का समर्थन नहीं किया तो उसकी इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए खतरा पैदा हो सकता है। चीन को डर है कि यदि अजहर पर पाबंदी लगी तो यह कॉरिडोर और यहां काम करनेवाले चीनी नागरिक जैश के आतंकियों का निशाना बन सकते हैं। चीन ने मसूद अजहर को अपनी एक अंदरूनी समस्या को भी हल करने की कोशिश में लगाया हुआ है। मसूद अजहर चीन की कम्यूनिस्ट सरकार द्वारा उत्तरी-पश्चिमी राज्य शिंजियांग में फैले अलगाववाद और इस्लामिक आतंकवाद को खत्म करने में भी उसकी मदद कर रहा है। चीन सरकार ने मुस्लिम बहुल शिनजियांग को एक तरह से 'नजरबंदी शिविरइ में तब्दील कर दिया है। चीन के उइगर प्रांत में लगभग दस लाख मुसलमानों को जेल में बंद करके रखा हुआ है और 20 लाख को पकड़ कर उनका रिएजुकेशन किया जा रहा है याने इस्लाम-विरोधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लगभग सवा करोड़ उइगर मुसलमान चीन के शिनजियांग प्रांत में रहते हैं। इस प्रांत की सीमा भारत, पाकिस्तान, मंगोलिया और मध्य एशिया के देशों को छूती है। चीन की फितरत साम्राज्यवादी और विस्तारवादी है। तिब्बत की तरह शिनजियांग भी कभी चीन का हिस्सा नहीं था। शिनजियांग में चीन के खिलाफ इतना आक्रोश है कि वहां दंगे आम बात हैं मगर ज्यादातर दंगों को मीडिया दबा देता है। आतंकी घटनाओं के लिए चीनी सरकार उइगरों के उग्रवादी संगठन 'ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंटइ को दोषी ठहराती है। चीन कहता आया है कि शिनजियांग को इस्लामिक आतंकवादियों और अलगाववादियों से खतरा है। अपने देश में आतंकवाद का दंश झेलने के बावजूद चीन इससे कोई सबक नहीं सीखता अन्यथा वह जैश के खिलाफ कठोर कार्रवाई के लिए जरूर तैयार होता।

हो गया ऐलान !

होगा अब समाप्त ।
हो गया ऐलान ।।
लौटेंगे किसानों अब ।
घर को ससम्मान ।।
चेहरे पर मुस्कान है ।
लहर खुशी की आई ।।
है अभी आगाज ये ।
आगे भी अंगड़ाई ।।
मिल गया है पत्र ।
पढ़ लिया भी पूरा ।।
मनवाना है वह भी ।
जो है अभी अधूरा ।।
जीत का ये जश्न ।
हमको है मनाना ।।
पटल पर हम छाए ।
सबने इसको माना ।।

–कृष्णेन्द्र राय

माफी की राजनीति

कृषि कानूनों की वापसी और उसके लिए प्रधानमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से आंदोलनरत् किसानों से माफी मांगना भारतीय राजनीति में अपनी मांगें मनवाने का सशक्त माध्यम बन गया है? क्योंकि अब धरती के स्वर्ग (जम्मू-कश्मीर) से अनुच्छेद-370 सम्बंधी केन्द्र सरकार का फैसला वापस होने की मांग उठाई जा रही है और यदि यही चलता रहा तो पिछले साढ़े सात सालों में मोदी सरकार द्वारा लिए गए सभी अहम फैसलों पर प्रश्नचिन्ह लग जाएगा? अब यह तो भविष्य बताएगा कि अनुच्छेद-370 समाप्ति का फैसला देश में सत्तारूढ़ भाजपा को कौन सी राह दिखाता है? किंतु जो फिलहाल आसार नजर आ रहे है, उनसे यह अनुमान तो लगाया ही जा सकता है कि धरती का स्वर्ग मौजूदा सरकार व सत्तारूढ़ दल से खुश नही है और यदि एक कदम आगे बढ़कर यदि यह कहा जाए कि मोदी सरकार के इस एक फैसलें के कारण कश्मीरियों का झुकाव पाकिस्तान की ओर बढ़ा है तो कतई गलत नहीं होगा।

करीब ढ़ाई साल पहले मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को देश के अन्य राज्यों के मुकाबले विशेष अधिकार देने वाले अनुच्छेद-370 को वापस लिया था और उसके बाद कश्मीर के सर्वदलीय नेताओं को दिल्ली बुलाकर उनके साथ बैठक भी की थी, जिसमें नेताओं ने अपने विरोधी तेवर मोदी जी को दिखा दिए थे, अब स्थिति यह है कि पूरा कश्मीरी आवाम केन्द्र के इस एक फैसले से काफी खफा है और इसी कारण केन्द्र सरकार जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है, किंतु यहां यह भी विचारणीय है कि किसी भी राज्य के विधानसभा चुनाव रोककर वहां राज्यपाल या राष्ट्रपति का शासन कितने दिन रखा जा सकता है? चुनाव तो आपको देर-सवेर करवाना ही पड़ेगें, तब केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा की स्थिति वहां क्या होगी? क्या देश से भाजपा के उन्मूलन की शुरूआत धरती के स्वर्ग से नहीं होगी? यद्यपि भाजपा के लिए यह सुखद है कि जम्मू में उसका अच्छा-खासा अस्तित्व कायम है, किंतु कश्मीर में क्या? अनुच्छेद-370 का मामला तो मूलतः कश्मीर से ही जुड़ा है

और वहां का आवाम इसी एक कारण से भाजपा व मोदी सरकार से नाराज है।

इसीलिए अभी हाल ही में कश्मीर के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला ने यह कहते हुए अपने तीखे तेवर दिखा दिए कि किसानों जैसा बलिदान देने पर ही कश्मीर में अनुच्छेद-370 बहाल होगी और उसके लिए कश्मीरियों को भी कुबार्नी देनी होगी। अब इसे फारूख की चेतावनी माना जाए या और कुछ, यह तो फारूख के तेवर ही बता रहे है किंतु यह तय है कि ये तेवर अकेले फारूख अब्दुल्ला के नहीं हर कश्मीरी नेता के है, फिर वे चाहे मेहबूबा मुती हो या उमर अब्दुल्ला.... और चूंकि अब कांग्रेस के उपेक्षित वरिष्ठ कश्मीरी नेता गुलाम नबी आजाद को भी अपनी नई राजनीति की शुरूआत करनी है, इसलिए ऐसे ही मौके पर उन्होंने भी कांग्रेस से बगावत कर अपनी नई तैयारी शुरू कर दी है, कयास लगाये जा रहे है कि वे भी कांग्रेस के सभी उपेक्षित वरिष्ठ नेताओं, विशेषकर जिन्होंने पिछले दिनों कश्मीर में सम्पन्न जी-23 सम्मेलन में शिरकत की थी, उन्हें साथ लेकर नई पार्टी की स्थापना कर सकते है और वह पार्टी जम्मू-कश्मीर के मोदी विरोधी दलों के साथ गठबंधन कर जम्मू-कश्मीर के भावी विधानसभा चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकती है और सभी दल मिलकर अनुच्छेद-370 की लड़ाई की शुरूआत कर सकते है।

यह तो सिर्फ कृषि कानून वापसी के संदर्भ में अनुच्छेद-370 की वापसी की मांग की चर्चा की गई, मोदी सरकार अन्य अहम् फैसलों को लेकर भी कृषि कानून वापसी माध्यम बन सकती है।

अब सबसे अहम और बड़ा सवाल यह है कि कश्मीर में अपनी साख पुनः कायम करने के लिए भाजपा व मोदी सरकार क्या करेगी? और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव कब करवाएगी? इसका जवाब किसी भी राजनीतिक भविष्यकर्ता के पास नहीं है।

क्रिएटिविटी है तो एनिमेशन में बना सकते हैं करियर

एनीमेशन के क्षेत्र में आपार संभावनाएं हैं। एनिमेशन का प्रयोग ना केवल छोटे-मोटे एडवरटाइजमेंट और ग्राफि क्स इत्यादि में किया जाता है, बल्कि पूरी की पूरी फिल्में और सीरियल्स भी इसी पर बनने लगे हैं। कार्टून सीरियल आदि भी एनिमेशन के जरिये ही काम करते हैं। एनिमेशन कोर्स दसवीं पाक भी कर सकते हैं। बस आपमें क्रिएटिविटी (रचनात्मकता) और नये विचारों के साथ ही लगातार बेहतर करने का जुनून होना चाहिये। एनीमेशन में कॅरियर बनाने के इच्छुक लोग ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट व डिप्लोमा कोर्स अवश्य कर सकते हैं। अधिकांश कॉलेजों में बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) में एक विषय के तौर पर भी एनिमेशन पढ़ाया जाता है। कई बड़े संस्थानों में डिप्लोमा या एडवांस डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स के तहत मार्केट की मांग के मुताबिक एनिमेशन की प्रोफेशनल ट्रेनिंग दी जाती है, जहां इंडस्ट्री के प्रोजेक्ट पर भी काम करने का मौका मिलता है। ऐसे कोर्सों का समय एक से दो वर्ष का होता है। इसके दौरान ड्राइंग, ग्राफिक्स, प्रोडक्शन, प्रोग्रामिंग, लाइटिंग इत्यादि के साथ-साथ एनिमेशन एवं डिजिटल आर्ट्स की डिटेल में जानकारी प्रदान की जाती है। मुख्य रूप से 2-डी और 3-डी एनिमेशन का आज के समय में काफी चलन है। हालांकि मोशन ग्राफिक्स एवं स्टॉप एनीमेशन भी कई जगहों पर प्रयोग में लाया जाता है। एनिमेशन के क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए आपका क्रिएटिव होना ज्यादा आवश्यक होता है। अगर आप अपने विचारों को, अपनी इमैजिनेशन को नया रूप दे सकते हैं, उसे नये तरीके से सोच सकते हैं, तो इस बात में कोई संदेह नहीं है कि एनिमेशन क्षेत्र में आप एक बेहतर कैरियर बना सकते हैं। क्रिएटिविटी के साथ-साथ एनिमेशन के लिए तमाम तकनीकी जानकारी की आवश्यकता भी होती है। जैसे स्क्रिप्टिंग, स्कल्पटिंग, लाइफ ड्राइंग, मॉडल एनिमेशन आदि। ध्यान रहे कि एक पेशेवर एनिमेटर बनने के लिए कठिन परिश्रम , के साथ विजुअलाइजिंग एबिलिटी, इमैजिनेशन, क्रिएटीविटी, लॉजिकल अंडरस्टैंडिंग और डेडलाइन के तहत कार्य करने की आदत भी होनी चाहिए। आप घर पर भी सॉफ्टवेयर की सहायता से एनिमेशन सीख सकते हैं। आज के इंटरनेट के दौर में आप यूट्यूब से भी एनीमेशन के कई सॉफ्टवेयर और उसे ऑपरेट करने के लिए फॉर्मल ट्रेनिंग प्राप्त कर सकते हैं। रोजगार की बात करें तो इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। तमाम विज्ञापन एजेंसीज में एनीमेशंस का प्रयोग बेहतर ढंग से होने लगा है, तो वेब डिजाइनिंग के क्षेत्र में भी इसका प्रयोग बड़े स्तर पर हो रहा है। साथ ही टीवी सीरियल, ओटीटी और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में तो इसका प्रयोग है ही। आप चाहें तो अनुभव के बाद इस अपना स्वयं का काम भी शुरू कर सकते हैं।

मध्यप्रदेश में ऊर्जा के नये स्त्रोतों का संरक्षण

मध्यप्रदेश में आपका स्वागत है। कभी आप इसे बीमारु राज्य के रूप में जानते रहे होंगे लेकिन आज यह प्रदेश विकास का रोल मॉडल बना हुआ है। बुनियादी सुविधाओं से लबरेज मध्यप्रदेश की विकास की यह कहानी डेढ़ दशक पहले आरम्भ हुयी थी और आज प्रदेश का चप्पा-चप्पा विकास की गाथा सुन रहा है। सड़क, पानी, स्कूल, स्वास्थ्य के साथ ही घटाघोप अंधेरे में रहने वाले मध्यप्रदेश के सैकड़ों गांव अब रोशन हो चुके हैं। विद्यार्थियों को पढ़ने के लिये बिजली की रोशनी मिल रही है तो किसानों के खेतों में पानी पहुँचाने के लिये बिजली की कोई कमी नहीं है।

बिजली की कमी को पूरा करते हुए जिन परियोजनाओं पर काम चल रहा है उससे यह कहने में संकोच नहीं है, सन् 2024 के आते-आते आवश्यकता के अनुरूप बिजली पैदा होने लगेगी और मध्यप्रदेश स्थायी रूप से बिजली संकट से मुक्त हो जाएगा। यह कायापलट शिवराज सिंह सरकार के सुनियोजित प्रयासों के फलस्वरूप ही संभव हुआ है। बिजली उत्पादन और उसकी क्षमता बढ़ाने के लिये मध्यप्रदेश में काम जिस तेज गति से चल रहा है उससे संकेत मिलते हैं कि अब प्रदेशवासियों को बिजली संकट से पूर्णरूपेण निजात मिल जायेगी। उक्त दिशा में सरकार तो अपना प्रयास कर रही है, यदि जनभागीदारी भी सुनिश्चित हो तो लक्ष्य आसान हो जायेगा। सबका साथ, सबका विकास के सूत्र वाक्य को चरितार्थ करते हुए शिवराज सिंह सरकार ने गांव और गरीबों का ख्याल रखा है ताकि उनके हक की रोशनी कोई छीन न सके।

मध्यप्रदेश में वर्तमान में नवीनीकरणीय और पुनरोपयोगी ऊर्जा के बड़े कार्यक्रम चलाये जा

रहे हैं। प्रमुख नगरों और कस्बों में सौर ऊर्जा के महत्व पर ध्यान दिया जा रहा है। आमजन को ऊर्जा के व्यय तथा अपव्यय के प्रति जागरूक करने के अलावा ऊर्जा के पारम्परिक एवं वैकल्पिक साधनों की जानकारी देना भी उतना ही जरुरी है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाया जाने वाला ऊर्जा साक्षरता अभियान इस दिशा में अति महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी नागरिकों को ऊर्जा साक्षर बनाये जाने का प्रयास किया जायेगा। योजना में अधिक प्रभावशाली परिणाम प्राप्त करने के लिये पहला तथ्य यह है कि सभी के व्यवहार में ऊर्जा संरक्षण निहित हो। इसे एक अभियान के तहत हर गांव-शहर में गंभीरतापूर्वक लिया जाये तो हर व्यक्ति सतर्कता से ऊर्जा की बचत कर सकता है। कम लोग जानते होंगे कि मध्यप्रदेश में उपलब्ध कुल बिजली आपूर्ति का 21 प्रतिशत हिस्सा नवकरणीय ऊर्जा से प्राप्त होता है। यहाँ यह भी बताते चलें कि इस वर्ष सितम्बर माह तक लगभग 5100 मेगावाट क्षमता की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता की स्थापना की गयी है। इसमें सौर ऊर्जा क्षमता 2432 मेगावाट तथा पवन ऊर्जा क्षमता 2444 मेगावाट है। सौर ऊर्जा का और अधिक उत्पादन करने के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में मध्यप्रदेश दिनोंदिन आगे बढ़ रहा है। विगत 25 नवंबर को मध्यप्रदेश के तीन जिलों में सौर ऊर्जा से 1500 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिये भूमि पूजन किया गया। इस दौरान केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान की विशेष उपस्थिति में आगर,शाजापुर एवं नीमच में प्रस्तावित 1500 मेगावाट सौर बिजली उत्पादन क्षमता के संयंत्रो और निजी भागीदारी से बिजली उत्पादन की केन्द्र द्वारा बनायी गयी योजना कुसम श्अश के लिये अनुबंध भी हुआ। भूमिपूजन के दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2030 तक देश की ऊर्जा आवश्यकता की 50 प्रतिशत आपूर्ति सौर ऊर्जा से निर्धारित करने का लक्ष्य तय किया है। हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान के शब्दों में श्मध्यप्रदेश में प्रतिदिन 22 हजार मेगावाट बिजली पैदा हो रही है। कोयला तथा पानी पर निर्भरता कम करते हुए सूरज और हवा से भी बिजली उत्पादन का काम तीव्र गति से किया जा रहा है। मार्च 2023 तक आगर, नीमच एवं शाजापुर संयंत्रों में 1500 मेगावाट सौर बिजली पैदा होने लगेगी। हमारे प्रयास के अनुरूप ओंकारेश्वर बांध में तैरने वाला सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्रीन एनर्जी के संकल्प और स्वपन को पूरा करने की दिशा में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।श्श प्रकृति ने हमारे प्रदेश को ऐसी विशिष्ट स्थिति दी है कि यहाँ ज्यादातर हिस्सों में वर्ष भर में 200 से 250 दिनों तक खुलकर धूप निकलती है। यदि आकाश साफ हो तो किसी जगह की स्थिति के अनुसार प्रतिदिन प्राप्त होने वाली सौर ऊर्जा चार से लेकर सात किलोवाट प्रतिवर्ग किलोमीटर के मध्य होती है। वहीं ठंडे प्रदेशों के ध्रुवीय इलाकों को यह अनमोल वरदान नहीं मिला।

सौर ऊर्जा के अनेक वैकल्पिक स्त्रोत हैं। यदि इन स्त्रोतों को पूरी तरह क्रियान्वित किया गया तो प्रदेश में होने वाली बिजली की खपत का पचास प्रतिशत हिस्सा इन सौर ऊर्जा के स्त्रोतों द्वारा पूरा किया जा सकता है। ऊर्जा के गैर पारम्परिक स्त्रोतों के उपयोग को बढ़ावा मिला तो लक्ष्य के अनुरुप बिजली उत्पादन में मदद मिलेगी। सौर ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा, पवन ऊर्जा तथा जैव ऊर्जा के चलन को प्रचलित करना इसलिये आवश्यक है क्योंकि इनका नवीनीकरण किया जा सकता है। फिर वर्तमान में ऐसे उपाय खोज लिये गए हैं जिनके द्वारा हम सौर ऊर्जा से सीधे अपनी ऊर्जा सम्बंधी आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं। यहाँ स्पष्ट कर दें कि सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन की हर संभावना को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा तलाशा जा रहा है। निश्चित रुप से सौर ऊर्जा एक उभरता हुआ क्षेत्र है अतः इसमें नित नये प्रयोग होते रहना चाहिये। सरकार सोलर पैनल या प्लेट निर्माण, बैटरी बनाने की दिशा में भी काम कर सकती है। इससे जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहित करने से औद्योगिक विकास के नये रास्ते खुलेंगे। ऊर्जा के उत्पादन के साथ-साथ ऊर्जा की बचत के बारे में भी गहन चिंतन होना चाहिये। यह एक ऐसा गंभीर विषय बन गया है जो सामान्य व्यक्ति के भी जीवन से गहरा सरोकार रखता है।

हम उन्हें यूं भुला ना पाएंगे, यादों में जनरल विपिन रावत साहब

(विनम्र श्रद्धांजलि)

प्रखर जखनियां गाजीपुर। (गौरीशंकर पाण्डेय सरस) उत्तर प्रदेश का पूर्वांचल। पूर्वांचल का जिला गाजीपुर। गाजीपुर का दुल्लहपुर थाना। दुल्लहपुर थाना का धामूपुर गांव(हमीद धाम)जिसकी मिट्टी में पला-बढ़ा पुष्ट जवान सेना की वर्दी धारण कर मादरे वतन की शान में सन् 1965के मैदाने जंग में अपनी जान की कुबार्नी दे कर देश भक्ति की जो मिसाल प्रस्तुत किया आज भी देश गौरवान्वित है।नाम था अब्दुल हमीद।जिनकी शहादत हर वर्ष 10सितंबर शानो अदब से मनाया जाता है।जिसमें सेना के जवानों सहित शासन-प्रशासन राज नेता, फिल्म अभिनेता समाज सेवियों सहित भारी भीड़ शिरकत करती है। आयोजित शहादत दिवस का कद ऊंचा करने के लिए हमीद जी की पत्नी रसूलन बीबी (90)खुद अब से चार साल पहले शहीदी जलसे का निमंत्रण लेकर चीफ आफ डिफेंस जनरल विपिन रावत साहब के आवास पर गई थीं।जनरल साहब अपने आपको सौभाग्यशाली मानते हुए ऐन मौकेपर सपत्नी पहुंच कर शहीदी जलसे का मान भी बढ़ाया था। सबसे पहले सेना के हेलिकॉप्टर से उतर कर शहीद पार्क में लगी परम वीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए सैनिक अंदाज में सैल्यूट कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत पश्चात निर्धारित कार्यक्रम स्थल पर बने मंच की ओर बढ़ते कदम सेना की वर्दी में दमकता चेहरा,फड़कती भुजाएं, सीने में लहराता

फौलादी तुफान सबके सब देशभक्त सैनिक का अहसास करा रहे थे। सामने बने मंच पर पहुंचते ही जनरल रावत साहब ने रसूलन बीबी का पांव छूते हुए कहा था आप मेरी मां की तरह हैं आपका आशीर्वाद आज यहां खींच लाया।बेटे के योग्य कोई सेवा हो तो अवसर का आदेश करें पूर्ण करने का भरपूर प्रयास करूंगा।जनरल रावत साहब के भावनाओं से आह्लादित होकर शहीद की बीबी ने वीर अब्दुल हमीद के नाम पर एक रेजिमेंट स्थापित करने के साथ ही गाजीपुर में सैनिक स्कूल खोले जाने की मांग रखते हुए यह भी कहा था की सेना भर्ती गाजीपुर में नियमित रूप से कराई जाए।जिसपर जनरल? रावत साहब ने भरोसा दिलाते हुए पूरा करने का आश्वासन दिया था।वह दिन था 10सितंबर सन् 1917 शहीद अब्दुल हमीद के 52वें शहादत दिवस का। सेना में भर्ती होने के उतावले युवकों में उत्साह देशभक्ति और ईमानदारी का बीज बोकर गए थे।जैसे ही रविवार 8दिसंबर 021को हेलिकॉप्टर दुर्घटना में चीफ आफ डिफेंस स्टाफ(सीडीएस)जनरल विपिन रावत साहब के निधन की मनहूस खबर मिली लोगों के जेहन में मातम पसर गया।रावत साहब के देशभक्ति की सूरत ,दुश्मनों के दिल में खौफनाक मंजर पैदा करने वाला अदम्य साहस पूर्ण व्यक्तित्व, सर्जिकल स्टाईक में दक्ष योद्धा की सारी की सारी तस्वीरें उभर कर? दिलों दिमाग पर छा गई।

ऐसे देश भक्त अदम्य साहसवान जांबाज बहादुर को विनम्र नमन , श्रद्धांजलि।

नई तकनीक का इस्तेमाल कर कृषि क्षेत्र से जुड़ें

अब कृषि क्षेत्र भी तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसमें भी रोजगार की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। इस क्षेत्र में नई तकनीक के इस्तेमाल के बाद कमाई भी तेजी से बढ़ी है। इसलिए अब यह भी पसंदीदा क्षेत्र बनकर उभरा है। आधुनिकता के इस दौर में कृषि के प्रति युवाओं का ये लगाव किसी चमत्कार से कम नहीं है। अगर आप भी कृषि अनुसंधान के क्षेत्र से जुड़कर कृषि वैज्ञानिक या फिर एक बेहतर किसान बनना चाहते हैं तो फिर इसके लिए आपको 12वीं की परीक्षा अच्छे अंकों से पास कर बीएससी एग्रीकल्चर या फिर बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स की डिग्री हांसिल करनी होगी। यह डिग्री एग्रीकल्चर, वेटनेरी साइंस, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, फॉरेस्टरी, हॉर्टीकल्चर, फूड साइंस और होम साइंस में से किसी भी एक विषय में ले सकते हैं। अपनी पढ़ाई पूरी करके आप सीधे खेती और इससे संबंधित गतिविधियों से जुड़कर कृषि क्षेत्र में देश के विकास में अपना अहम योगदान दे सकते हैं। आज भी भारत की करीब 70 फीसदी जनसंख्या जीविका के लिए पूरी तरह से कृषि पर निर्भर है। ऐसे में कृषि क्षेत्र में पढ़े लिखे किसानों की सख्त जरूरत है।कृषि क्षेत्र में आप मार्केटिंग, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग या मैनेजमेंट के क्षेत्र में अपना सुनहरा करियर बना सकते हैं। इसके अलावा आप नेशनेलाइज्ड बैंकों में बतौर कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण विकास अधिकारी, फील्ड ऑफिसर बनकर अपना शानदार करियर बना सकते हैं।इसके साथ ही राज्यों के विभिन्न कृषि विभागों में आपके लिए रोजगार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। कृषि महाविद्यालयों में एडमिशन पाने के लिए युवाओं के बीच मची होड़ से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन युवाओं के सिर पर कृषि क्षेत्र में करियर का जुनून किस कदर सवार है। अगर आप भी कृषि क्षेत्र में करियर तलाश रहे हैं तो इसके लिए बेहतरीन संस्थानों के बारे में जानकारी भी हासिल कर लें। आप हैदराबाद, पुणे, ग्वालियर, इंदौर और पालमपुर स्थित कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर से कृषि के क्षेत्र में प्रशिक्षण ले सकते हैं। कोलकाता और भुवनेश्वर के यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर से भी आप डिग्री हांसिल कर सकते हैं। उदयपुर के राजस्थान एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी में कृषि के क्षेत्र में प्रशिक्षण के साथ डिग्री भी पा सकते हैं।

व्रत में कुछ इस तरह बनाएं नारियल की चटनी,

इसे बनाने वालों का कहना है कि आप इस नारियल की चटनी को व्रत में तो खा ही सकते हैं, साथ ही इसे डोसा, उत्पम, इडली व अन्य कई साउथ इंडियन डिशेज के साथ भी खाया जा सकता है।

इन दिनों लोग नवरात्रि व्रत रखते हुए माता की भक्ति में सराबोर है। जहां कुछ लोग केवल एक या दो दिन के लिए ही व्रत रखते हैं, जबकि कुछ लोग नवरात्रि के पूरे नौ दिन व्रत रखते हैं। ऐसे में उनकी समस्या यह होती है कि वह ऐसा क्या खाए, जो हेल्दी व टेस्टी भी हो। खासतौर से बढ़ती गर्मी को देखते हुए व्रत में अपने आहार पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। तो चलिए आज हम आपको व्रत के लिए नारियल की चटनी बनाने की विधि के बारे में बता रहे हैं, जिसे बनाना बेहद ही आसान है। साथ ही इसे आप नवरात्रि के व्रत में अपने आहार में शामिल करके खाने को अधिक हेल्दी व डिलिशियस बना सकती हैं-

सामग्री-

आधा कप ताजा नारियल

दो छोटे चम्मच भूनी हुई मूंगफली का पाउडर

दो हरी मिर्च

हरा धनिया

सेंधा नमक

एक चैथाई कप पानी

तड़के के लिए

एक छोटा चम्मच तेल

आधा छोटा चम्मच जीरा

चार से पांच करी पत्ता

इसे भी पढ़ेंः नौ दिनों तक ही क्यों मनाया जाता है नवरात्रि का पर्व? जानिए इस त्यौहार के महत्व

विधि-

नारियल की चटनी बनाना बेहद ही आसान है। इसके लिए आप एक ग्राइंडर जार लेकर उसमें नारियल, हरा धनिया, मूंगफली का पाउडर, हरी मिर्च, सेंधा नमक और पानी डालकर अच्छी तरह ग्राइंड करें। हमें इसे अच्छी तरह बारीक पीसना है। अब इसे एक बाउल में निकालें।

इसके बाद नारियल की चटनी के लिए तड़का तैयार करेंगे। इसके लिए एक तड़का पैन लें और इसमें ऑयल डालें। अब इसमें जीरा डालें। जब यह तड़कने लगे तो इसमें करी पत्ता डालें। इसके भूनने के बाद आप तड़के को नारियल की चटनी के उपर डाल दें।

आपकी टेस्टी व्रत वाली नारियल की चटनी बनकर तैयार है। इसे बनाने वालों का कहना है कि आप इस नारियल की चटनी को व्रत में तो खा ही सकते हैं, साथ ही इसे डोसा, उत्पम, इडली व अन्य कई साउथ इंडियन डिशेज के साथ भी खाया जा सकता है।

जब घर पर आएं मेहमान तो कुछ इस तरह बनाएं टेस्टी पालक के कबाब

पालक एक ऐसी सब्जी है, जो सेहत के लिए बेहद लाभदायक मानी जाती है। आमतौर पर लोग इसके पकौड़े, परांठे या सब्जी आदि बनाना पसंद करते हैं। लेकिन पालक के कबाब भी खाने में बेहद ही डिलिशियस लगते हैं। खासतौर से, जब आपके घर में मेहमान आए हों और आप उन्हें एक डिफरेंट स्नैक सर्व करना चाहती हों तो ऐसे में पालक के टेस्टी कबाब बना सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको पालक के कबाब बानाने की आसान विधि के बारे में बता रहे हैं-

सामग्री-

2 कप पालक

एक चौथाई कप धनिया

आधा कप पुदीना

एक चौथाई कप बीन्स

एक चौथाई कप मटर

एक छोटी शिमलामिर्च

एक कप कद्दूकस किया हुआ पनीर

चार-पांच उबले आलू

अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट

लाल मिर्च पाउडर

धनिया जीरा पाउडर

गरम मसाला

चाट मसाला

दो टेबलस्पून कॉर्नस्टार्च

थोड़े काजू

स्वादानुसार नमक

ब्रेड के स्लाइस या ब्रेडक्रम्स

विधि-

पालक के कबाब बनाने के लिए आपको सबसे पहले पालक को ब्लांच करना होगा। इसके लिए आप एक बर्तन में थोड़ा पानी डालकर उबालें। अब आप इसमें पालक डालें और करीबन दो मिनट के लिए ब्लांच करें। अब पालक को बाहर निकालें और उसे चम्मच की मदद से हल्का दबाकर उसका अतिरिक्त पानी निकालें। अब पालक को ठंडा होने दें और उसमें से अतिरिक्त पानी निचोड़कर निकाल लें। अब एक मिक्सर का जार लेकर उसमें पालक, पुदीना, धनिया, बीन्स, शिमलामिर्च व मटर डालकर अच्छी तरह ग्राइंड करें और पेस्ट बना लें।

अब इस पेस्ट को एक बाउल में निकालें और इसमें उबले व मैश किए हुए आलू मिलाएं। अब इसमें पनीर, कॉर्नस्टार्च, एक कप ब्रेडक्रम्स, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, लाल मिर्च पाउडर, धनिया-जीरा पाउडर, गरम मसाला, चाट मसाला, नमक डालकर अच्छी तरह मिक्स करें।

अब हाथों पर थोड़ा ऑयल लगाएं और थोड़ा मिश्रण लेकर उसे रोल करते हुए टिक्की का शेप दें। वैसे आप चाहें तो अपनी पसंद से इसकी शेप को चेंज भी कर सकते हैं। साथ ही इसके साइज को भी ज्यादा बड़ा ना रखें। आप इसी तरह सारे मिश्रण से कबाब तैयार कर लें। अब आप एक प्लेट में ब्रेडक्रम्स डालें और सभी कबाब को इससे कोट करें और फिर हर कबाब के ऊपर एक-एक काजू लगाएं। इसके बाद आप एक कड़ाही में ऑयल डालकर उसे गर्म करें। जब तेल गर्म हो जाए तो कड़ाही में एक-एक करके कबाब डालें और फिर धीमी आंच पर इसे सेंकें। ताकि कबाब अच्छी तरह अंदर तक सिकें और बाहर से क्रिस्पी हो जाएं। अब इन्हें एक टिश्यू पेपर पर निकालें।

पुरुषों की स्किन पर निखार लाते हैं यह हर्ब्स

वैसे तो पुरुषों के लिए भी मार्केट में कई प्रॉडक्ट्स अवेलेबल हैं, लेकिन अगर नेचुरल हर्ब्स का इस्तेमाल किया जाए तो इससे किसी तरह के रिएक्शन होने का खतरा भी नहीं रहता।

अमूमन देखने में आता है कि महिलाएं तो अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए तरह-तरह के प्रॉडक्ट्स व स्किन केयर रूटीन को फॉलो करती हैं, लेकिन पुरुषों को यह समझ नहीं आता कि वह किस तरह अपनी स्किन की केयर करें। वैसे तो पुरुषों के लिए भी मार्केट में कई प्रॉडक्ट्स अवेलेबल हैं, लेकिन अगर नेचुरल हर्ब्स का इस्तेमाल किया जाए तो इससे किसी तरह के रिएक्शन होने का खतरा भी नहीं रहता। साथ ही स्किन को अतिरिक्त पोषण भी मिलता है। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे ही हर्ब्स के बारे में बता रहे हैं, जो पुरुषों की स्किन पर निखार लाने में मदद करते हैं-

कैमोमाइल

स्किन केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि कैमोमाइल में अल्फा-बिसाबोलोल कंपाउंड काफी हाई पाया जाता है, जिसके कारण यह सूजन को कम करने में मदद करता है, जो मुँहासे, चकत्ते और एक्जिमा को शांत करता है। इसके अलावा, यह सनबर्न या मुँहासे के कारण होने वाले डिस्कलरेशन को कम करने के लिए भी जाना जाता है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले कैमोमाइल चाय बनाएं और उसे ठंडा हो जाने दें। इससे अपने पूरे शरीर व चेहरे को धोएं। यह आपके चेहरे की फाइन लाइन्स और झुर्रियों को ठीक करने में मदद करेगा। वहीं अगर आपने बालों को कलर करवाया है तो इस पानी से बालों को रिंस करें। यह आपके बालों के कलर को प्रोटेक्ट करने में भी मदद करेगा।

पुदीना

पुदीना में कुछ सूदिंग प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं जो समर्स में आपकी स्किन को कूलिंग इफेक्ट प्रदान करती हैं। इसके अलावा, इसमें मौजूद सैलिसिलिक एसिड एक पिम्पल फाइटर की तरह भी काम करता है। साथ ही यह इचिंग व इंफेक्टिड स्किन को भी राहत पहुंचाता है। इसके इस्तेमाल के लिए आप पुदीने का पेस्ट बनाकर उसे स्पॉट टीटमेंट की तरह दानों के उपर लगा सकते हैं। इसके अलावा आप पुदीने के साथ ओटमील और शहद मिक्स करके एक होममेड फेस मास्क भी बना सकते हैं।

एलोवेरा

एलोवेरा में विटामिन, खनिज और अनगिनत अन्य कई तत्व पाए जाते हैं जो आपकी स्किन का ख्याल रखते हैं।यह हाइड्रेटिंग, मॉइस्चराइजिंग, एंटी-इंफलेमेटरी है और स्किन सेल टर्नओवर के साथ मदद कर सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं है। बस आप इसके पत्ते को तोड़कर उसका जेल निकालें और सीधे ही अपनी क्लीन स्किन के उपर अप्लाई करें।

ड्रैगन फ्रूट खाने से मिलते हैं यह जबरदस्त फायदे, जानकर आज ही इसे खाएंगे आप

ड्रैगन फ्रूट में फ्लेवोनोइड्स, फेनोलिक एसिड और बेटासैनिन जैसे

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, ड्रैगन फ्रूट आपके इम्युन सिस्टम के लिए भी काफी अच्छा है। यह आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत कर सकता है। ड्रैगन फ्रूट विटामिन सी और अन्य एंटीऑक्सीडेंट में उच्च है, जो आपके प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए अच्छे हैं।

एंटीऑक्सिडेंट्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ये प्राकृतिक पदार्थ आपकी कोशिकाओं को मुक्त कणों से नुकसान से बचाते हैं। जिसके कारण आपको कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी या फिर समय से पहले बूढ़ा होने की समस्या होती है।

आमतौर पर लोग हेल्दी रहने के लिए तरह-तरह के फलों का सेवन करते हैं। आप भी हर दिन कई तरह के फलों को खाते होंगे, लेकिन आप ड्रैगन फ्रूट का सेवन कितनी बार करते हैं। शायद कभी नहीं। ड्रैगन फ्रूट मेक्सिको और मध्य अमेरिका का एक उष्णकटिबंधीय फल है। इसका स्वाद कीवी और नाशपाती के मिश्रण जैसा है। आमतौर पर लोग इसे कम ही खाते हैं, लेकिन यह एक सुपरफ्रूट है। अगर इसे डाइट का हिस्सा बनाया जाए तो इससे आपको कुछ बेमिसाल फायदे मिलते हैं। तो चलिए आज हम आपको इसके आपकी सेहत को होने वाले फायदों के बारे में बता रहे हैं-

एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि ड्रैगन फ्रूट में फ्लेवोनोइड्स, फेनोलिक एसिड और बेटासैनिन जैसे एंटीऑक्सिडेंट्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ये प्राकृतिक पदार्थ आपकी कोशिकाओं को मुक्त कणों से नुकसान से बचाते हैं। जिसके कारण आपको कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी या फिर समय से पहले बूढ़ा होने की समस्या होती है।

पेट को रखें भरा-भरा

ड्रैगन फ्रूट नेचुरल तरीके से वसा रहित और फाइबर में उच्च होता है। यह आपके लिए एक बेहतरीन स्नैक साबित हो सकता है क्योंकि यह आपको भोजन के बीच अधिक समय तक भरा रखने में मदद कर सकता है।

मारे बैड बैक्टीरिया

इसमें प्रीबायोटिक्स होते हैं। इसका अर्थ यह है कि यह आपकी आंतों तक प्रोबायोटिक्स नामक हेल्थ बैक्टीरिया पहुंचाते हैं। आपके सिस्टम में अधिक प्रीबायोटिक्स होने से आपकी आंतों में अच्छे बैक्टीरिया के संतुलन में सुधार हो सकता है। विशेष रूप से, ड्रैगन फ्रूट प्रोबायोटिक्स लैक्टोबैसिली और बिफीडोबैक्टीरिया के विकास को प्रोत्साहित करता है। यह गुड बैक्टीरिया रोग पैदा करने वाले वायरस और बैक्टीरिया को मार सकते हैं। साथ ही साथ वे भोजन को पचाने में भी मदद करते हैं।

मजबूत इम्युन सिस्टम

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, ड्रैगन फ्रूट आपके इम्युन सिस्टम के लिए भी काफी अच्छा है। यह आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत कर सकता है। ड्रैगन फ्रूट विटामिन सी और अन्य एंटीऑक्सीडेंट में उच्च है, जो आपके प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए अच्छे हैं।

बालों के लिए वरदान है अश्वगंधा, बस जान लीजिए इसे इस्तेमाल करने का तरीका

प्लास्टिक कैप से अपने सिर को कवर करें और करीबन 45 मिनट बाद उसे अच्छी तरह से रिंस करें। इसके अलावा आप अपने शैम्पू में थोड़ा अश्वगंधा का पाउडर या तेल मिक्स करके भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

पिछले कई वर्षों से भारत में विभिन्न स्वास्थ्य और सौंदर्य समस्याओं को दूर करने के लिए आयुर्वेदिक तरीकों को अपनाया जाता रहा है। आयुर्वेद में कई तरह के पेड़-पौधों व हर्ब्स के माध्यम से नेचुरल तरीके से समस्या के समाधान को खोजा जाता है। इन्हीं में से एक है अश्वगंधा। यह एक बेहद ही प्रभावशाली जड़ी-बूटी है, जिसका उपयोग सिर्फ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए ही नहीं, बल्कि बालों की विभिन्न समस्याओं को दूर करने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। तो चलिए आज हम आपको अश्वगंधा से बालों को होने वाले लाभों के बारे में बता रहे हैं-

तनाव को करे कम

आयुर्वेद एक्सपर्ट के अनुसार, अश्वगंधा के इस्तेमाल का एक सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि यह शरीर में तनाव के स्तर को कम करता है और यह बात तो हम सभी जानते हैं कि बालों के झड़ने या हेयरफॉल के पीछे एक मुख्य वजह तनाव भी है। ऐसे में अगर तनाव को प्रबंधित कर लिया जाए तो बालों के झड़ने की समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है और अश्वगंधा इसमें बेहद मददगार साबित होगा।

बालों को करे मजबूत

अश्वगंधा बालों को स्वस्थ बनाने में योगदान कर सकता है क्योंकि इसमें एंटीऑक्सिडेंट और अमीनो एसिड होते हैं। यह बालों की ओवरऑयल हेल्थ में सुधार करता है और बालों को मजबूत बनाने और टूटने को कम करने में मदद कर सकता है।

स्केल्प इरिटेशन की कर दे छुट्टी

अश्वगंधा पाउडर फ्लेवोनोइड का एक समृद्ध स्रोत है जिसमें फैटी एसिड, ग्लूकोज, पोटेशियम, टैनिन और नाइट्रेट भी होते हैं। यह सभी पोषक तत्व बालों के लिए लाभदायक होते हैं। इतना ही नहीं ,यह रूसी, सोरायसिस और खोपड़ी की खुजली को दूर करने में भी मदद कर सकता है।

ऐसे करें इस्तेमाल

अश्वगंधा से मिलने वाले फायदों को जानने के बाद वक्त है कि आप इसे सही तरह से इस्तेमाल करने के बारे में भी जानें। इसका आप तीन तरह से सेवन कर सकते हैं। सबसे पहले तो आप इसे सप्लीमेंट या चाय के रूप में सेवन करें। इसके अलावा आप इसे सीधे स्कैल्प पर भी लगा सकते हैं। इसके लिए आप अश्वगंधा के पाउडर को डिस्टिल्ड वाटर में मिलाकर एक पेस्ट बनाएं और इसे बालों में सेक्शन करके अप्लाई करते हुए उंगलियों की मदद से मसाज करें। प्लास्टिक कैप से अपने सिर को कवर करें और करीबन 45 मिनट बाद उसे अच्छी तरह से रिंस करें। इसके अलावा आप अपने शैम्पू में थोड़ा अश्वगंधा का पाउडर या तेल मिक्स कर-के भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

अश्वगंधा से मिलने वाले फायदों को जानने के बाद वक्त है कि आप इसे सही तरह से इस्तेमाल करने के बारे में भी जानें। इसका आप तीन तरह से सेवन कर सकते हैं। सबसे पहले तो आप इसे सप्लीमेंट या चाय के रूप में सेवन करें। इसके अलावा आप इसे सीधे स्कैल्प पर भी लगा सकते हैं। इसके लिए आप अश्वगंधा के पाउडर को डिस्टिल्ड वाटर में मिलाकर एक पेस्ट बनाएं और इसे बालों में सेक्शन करके अप्लाई करते हुए उंगलियों की मदद से मसाज करें।

'ईज ऑफ डूइंग वरशिप' के विचार ने दिया काशी को नया कलेवर

■ वाराणसी (वार्ता)।

उत्तर प्रदेश की शाश्वत नगरी काशी अपना कलेवर बदल रही है। भारत की धर्मप्राण जनता ही नहीं वरन पूरी दुनिया इस प्रकाश नगरी के नए रूप का 13 दिसम्बर को दर्शन करेगी जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी विश्वनाथ धाम के नवनिर्मित परिसर का भक्तार्पण करेंगे। काशी के सुगम दर्शन पूजन (ईज ऑफ डूइंग वरशिप) के अनूठे विचार ने इस प्राचीन नगरी के कलेवर को मौलिक स्वरूप देने की प्रेरणा दी। अब काशी अधिपति शिव और मां अन्नपूर्णा, उत्तरवाहिनी गंगा से सीधे जुड़ जाएंगे।

इतिहास के उतार-चढ़ाव, ध्वंस और सृजन के साक्षी रहे भगवान शिव के इस अधिष्ठान का यह कायाकल्प करीब 250 वर्ष बाद साकार हो रहा है। इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने धर्मांध मुगल शासक औरंगजेब के फरमान से ध्वस्त किये गए काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का बीड़ा उठाया था। महारानी के भगीरथ प्रयास से ज्ञानवापी मस्जिद की बगल के ध्वंसावशेषों ने वर्ष 1777-80 में एक छोटे लेकिन आभायुक्त मंदिर का रूप ले लिया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद वर्ष 2014 में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के लिए आये थे। वीआईपी प्रबंधों के कारण आमतौर पर कोई विशिष्ट व्यक्ति शायद ही आम भक्त की परेशानी का अनुमान लगा पाए। लेकिन मोदी ने यह सही



आकलन किया कि आम दिनों में सामान्य श्रद्धालु को मंदिर परिसर तक पहुंचने और दर्शन-पूजन करने में कितनी परेशानी होती होगी।

गंगा स्नान और काशी विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करने के लिए देश-विदेश से काशी आये भक्तों को सीमित समय में अपनी चिर अभिलाषा को पूरा कर पाना एक विषम चुनौती जैसा था। इसी पृष्ठिभूमि में मोदी के मन में 'ईज ऑफ डूइंग वरशिप' (सुगम दर्शन पूजन) का विचार उपजा।

वास्तव में आपातकाल (1975-77) के दौरान मंदिर तक जाने वाले प्रमुख रास्ते विश्वनाथ गली को चौड़ा करने का सुझाव रखा गया था। इमरजेंसी के जोर जबरदस्ती के दौर में भी यह सुझाव क्रियान्वित नहीं किया जा सका। वर्ष 1983 में मंदिर में हुई स्वर्ण चोरी की घटना के बाद राज्य सरकार ने मंदिर का अधिग्रहण कर लिया। अधिग्रहण के लिए मंदिर में सुव्यवस्था और सुविधापूर्ण दर्शन-पूजन को मुख्य आधार बनाया गया। लेकिन पिछले तीन-चार दशकों में मंदिर तक आसान पहुंच और आसपास नागरिक सुविधाओं को कायम करने की दिशा में कोई खास काम नहीं हो पाया।

■ पीएम 13 को करेंगे काशी विश्वनाथ धाम का भक्तार्पण

वर्ष 1992 में अयोध्या में बाबरी विध्वंस के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर एवं ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की सुरक्षा स्थानीय प्रशासन के लिए मुख्य चुनौती बन गयी। कालचक्र घूमा और काशी को अतीत की तरह फिर राज्याश्रय हासिल हुआ। केंद्र में मोदी सरकार और उप्र में योगी आदित्यनाथ सरकार के बीच आपसी तालमेल से काशी विश्वनाथ धाम परियोजना को युद्ध स्तर पर पूरा किया। फरवरी 2020 में शुरू की गयी यह परियोजना रिकॉर्ड समय में पूरी की गयी।

काशी विश्वनाथ मंदिर अब एक खुला विस्तृत धर्म क्षेत्र है। मंदिर पतितपावनी गंगा के तीन घाटों ललिता, मणिकर्णिका और जलासेन से सीधे जुड़ गया है। इस गलियारे में दर्शनार्थियों के लिए विभिन्न सुविधाओं का सृजन किया गया है। मुख्य मंदिर परिसर के सामने मंदिर चौक है। तीन यात्री सुविधा केंद्र और भोगशाला के साथ ही आगे के रास्ते के दोनों ओर वैदिक केंद्र, आध्यात्मिक पुस्तक भंडार, नगर संग्रहालय, मुमुक्ष भवन, वाराणसी गैलरी, मल्टी परपज सभागृह, पर्यटक सुविधा केंद्र, कैफेटेरिया और अतिथि गृह बनाये गए हैं। गंगा घाट पर नदी के पानी में जाने के लिये लकड़ी का छोटा पुल (जेटी) भी होगा। काशी विश्वनाथ धाम के लिए भूमि खरीद हेतु करीब 500 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय हुई। परियोजना पर 350 करोड़ रुपए खर्च हुए।

प्रशासन ने इस बात का पूरा ध्यान रखा है कि नया निर्माण होते समय इस क्षेत्र के धार्मिक और आध्यात्मिक स्वरूप को पूरी तरह सुरक्षित रखा जाए। जिन भवनों को ध्वस्त किया गया है वहां मिले छोटे मंदिरों और देवी-देवताओं के विग्रहों को सुरक्षित रखा गया है तथा पूरे विधि विधान से उन्हें प्रतिष्ठित किया जा रहा है।

भगवान शिव संहार के देवता हैं। यह जीवन का सत्य है कि संहार और सृजन साथ-साथ चलते हैं। काशी विश्वनाथ धाम इसका एक जीता जागता रूप है। कोई आश्चर्य नहीं होगा यदि यह दुनिया के लिए तीर्थयात्रा के साथ ही धार्मिक-आध्यात्मिक पर्यटन का एक मॉडल बन जाए।

दही खरीदने के लिए पाकिस्तान के रेलवे ड्राइवर ने रोकी ट्रेन

■ नई दिल्ली (आईएएनएस)।

'डॉन' की खबर के मुताबिक पाकिस्तान के रेल मंत्री आजम खान स्वाति ने काहना रेलवे स्टेशन के पास दही खरीदने के लिए रास्ते में ट्रेन रोकने वाले चालक और उसके सहायक को निलंबित कर दिया है। मंत्री ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो पर कार्रवाई की, जिसमें ट्रेन चालक को एक दुकान से दही खरीदते और ट्रेन को रोकते हुए दिखाया गया है।

वीडियो क्लिप के बाद रेलवे विभाग की आलोचना की गई, जो दुर्घटनाओं, यात्री सुरक्षा और घटते राजस्व के विभिन्न मुद्दों के कारण परेशानी में रहा है। मंत्री ने कार्रवाई की और पाकिस्तान रेलवे लाहौर

■ इससे पहले दिसम्बर में पाकिस्तान रेलवे ने यात्रा के दौरान लोकोमोटिव ड्राइवरों और सहायकों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था

प्रशासन को ड्राइवर राणा मोहम्मद शहजाद को निलंबित करने का आदेश दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि सहायक इफ्तिखार हुसैन पर भी कार्रवाई की गई है। मंत्री ने एक बयान में चेतावनी दी, 'मैं भविष्य में इस तरह की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करूंगा और किसी को भी निजी इस्तेमाल के लिए राष्ट्रीय संपत्ति का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दूंगा।' रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे पहले दिसंबर में पाकिस्तान रेलवे ने यात्रा के दौरान लोकोमोटिव ड्राइवरों और सहायकों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था। उन्हें सभी ट्रेनों (यात्री और सामान) में अपने फोन पर सेल्फी लेने, वीडियो और ऑडियो संदेश रिकॉर्ड करने से भी रोक दिया गया था। संबंधित मंडल प्रमुखों को भी निर्देश दिया गया था कि वे ट्रेन के चालक दल के सदस्यों पर नजर रखें और अगर कोई आदेशों की धज्जियां उड़ा रहा है तो तुरंत कार्रवाई करें।

हनीमून के लिए मालदीव जाएंगे कैटरीना-विक्की

■ मुंबई (आईएएनएस)।

शादी के बंधन में बंधने के बाद विक्की कौशल और कैटरीना कैफ अपने हनीमून के लिए मालदीव के लिए रवाना होंगे। हालांकि, उनकी संबंधित कार्य प्रतिबद्धताओं के कारण उनके हनीमून में देरी होने की उम्मीद है। सेलिब्रिटी जोड़ी तुरंत मालदीव के लिए उड़ान नहीं भरेगी क्योंकि कैटरीना के पास दो बड़े प्रोजेक्ट हैं। कैट सलमान खान के साथ 'टाइगर 3' और विजय सेतुपति के साथ

शादी, जिसमें 120 मेहमान शामिल होंगे

श्रीराम राघवन की अगली फिल्म में काम कर रही है। दोनों फिल्मों की शूटिंग बहुप्रचारित शादी के बाद फिर से शुरू होगी। जहां तक विक्की की बात है तो उनके पास 'सैम बहादुर', 'गोविंदा नाम मेरा' और 'मिस्टर लेले' हैं। यह जोड़ा मुंबई के ताज लैंड्स एंड होटल में अपने दोस्तों के लिए एक भव्य रिसेप्शन की मेजबानी करेगा। सूत्रों के अनुसार बुधवार को होने वाले 'हल्दी' समारोह के साथ, विक्की सात घोड़ों के रथ पर सवार होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। शादी, जिसमें 120 मेहमान शामिल होंगे, उसमें इटली के एक शेफ द्वारा क्यूरेट किया गया पांच-स्तरीय टिफनी केक होगा। मेन्यू में मेहमानों को कान्टिनेंटल, पारंपरिक राजस्थानी, पंजाबी और राजवाड़ी खाना परोसा जाएगा।

भोजपुरी गाना 'छम्मक छल्लो' रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी अभिनता-गायक अरविंद अकेला कल्लू और शिल्पी राज का गाना 'छम्मक छल्लो' रिलीज हो गया है। अरविंद अकेला कल्लू और शिल्पी राज की आवाज में 'छम्मक छल्लो' गाना वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी के आफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में कल्लू के साथ आकांक्षा दुबे नजर आ रही हैं। सांग के बीच बीच में कल्लू रैप करते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। छम्मक छल्लो के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गाने का लिरिक्स अजय बच्चन, म्यूजिक प्रियांशू सिंह, निर्देशन भोजपुरिया, कोरियोग्राफी गोल्डी का है।

अभिनेत्रियों को समाज के नियमों को तोड़ते देखना अच्छा है

मुंबई (भाषा)। कैटरीना कैफ और विक्की कौशल की शादी से पहले अभिनेत्री कंगना रनौत ने बुधवार को कहा कि यह देखना सुखद है कि बॉलीवुड की 'प्रमुख महिलाएं' समाज के बने-बनाए नियमों को तोड़ रही हैं। 'नमस्ते लंदन', 'सिंह इज किंग', 'राजनीति', 'जिंदगी न मिलेगी दोबारा' और 'भारत' जैसी बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकीं कैफ अभिनेता विक्की कौशल से शादी कर रही हैं। मंगलवार को कैफ (38) और कौशल (33) के विवाह पूर्व समारोह से संबंधित कार्यक्रम राजस्थान के सवाई माधोपुर के सिक्स सेंसेस रिसोर्ट में शुरू हो गए। रनौत ने बुधवार को कहा कि यह देखना अच्छा है कि बॉलीवुड की 'प्रमुख अभिनेत्रियां' समाज के बने बनाए नियमों को तोड़ रही हैं। हालांकि, उन्होंने अपने इस बयान में कैफ या कौशल का नाम नहीं लिया। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, "बड़े होते हुए हमने सफल अमीर पुरुषों की बहुत कम उम्र की महिलाओं से शादी करने की कई कहानियां सुनीं... महिलाओं के लिए अपने पति से अधिक सफल होना एक बड़े संकट के रूप में देखा गया था, एक निश्चित उम्र के बाद एक छोटे आदमी से शादी करना महिलाओं के लिए असंभव था।..." उन्होंने लिखा, "अमीर, सफल महिलाओं, भारतीय फिल्म उद्योग की अग्रणी महिलाओं को लैंगिक मानदंडों को तोड़ते हुए देखकर अच्छा लगा... लैंगिक रूढ़ियों को फिर से परिभाषित करने के लिए पुरुषों और महिलाओं दोनों को बधाई।"

भारत में हारर पर रिसर्च नहीं की गई

मुंबई (आईएएनएस)। 'छोरी' की सफलता के बाद, फिल्म निर्माता विशाल फुरिया 2022 में रिलीज होने वाली अपनी आगामी फिल्म 'फोरेंसिक' के लिए कमर कस रहे हैं। विशाल का कहना है कि भारतीय सिनेमा में हारर और थ्रिलर दो ऐसी विधाएं हैं, जिनमें वह अपनी पहचान बन सकते है। इस मामले पर बोलते हुए, विशाल ने कहा कि थ्रिलर और हारर दो विधाएं हैं जिन्हें भारत में उनकी पूरी क्षमता से नहीं खोजा गया है। दर्शकों के इस तरह की फिल्मों को देखने के तरीके को बदलने की बहुत गुंजाइश है। राधिका आप्टे और विक्रांत मैसी अभिनीत विशाल की अगली फिल्म 'फोरेंसिक' एक क्राइम थ्रिलर है।

अब पराली से बनेगी ईंट, वायु प्रदूषण से मिलेगी निजात

नई दिल्ली (आईएएनएस)। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण कम करने की दिशा में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों ने एक नया आविष्कार किया है। छात्रों ने अपने इस आविष्कार के तहत खेतों की पराली से ईंट का निर्माण किया है। खास बात यह है कि इंजीनियरिंग के छात्रों ने खेतों की पराली का इस्तेमाल करते हुए ऐसी ईंट का निर्माण किया है जो बेहद मजबूत, हल्की व किफायती है। फिलहाल पराली की इस ईंट की टेस्टिंग की प्रक्रिया जारी है। गौरतलब है कि हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में फसल काटने के बाद बचने वाली पराली को जला दिया जाता है। पराली जलाए जाने के कारण दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। हालांकि अब हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा पराली से ईंट बनाने का जो आविष्कार किया गया है उससे पराली का सदुपयोग किया जा सकेगा। इससे वायु प्रदूषण में काफी कमी आएगी, साथ ही किसानों की आमदनी भी बढ़ सकती है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पराली से ईंट बनाने के नए कारखाने और रोजगार भी विकसित होंगे।

■ हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के छात्रों ने किया आविष्कार

अमिताभ ने शेयर की युवावस्था की तस्वीर

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर अपनी युवावस्था की तस्वीर शेयर की है। अमिताभ सोशल मीडिया पर बेहद एक्टिव रहते हैं। वह अक्सर अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपनी फोटोज वीडियो फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। अमिताभ ने इंस्टाग्राम पर अपनी युवाअवस्था की तस्वीर शेयर की है। इस फोटो के कैप्शन में अमिताभ ने लिखा, जो बीत गई सो बात गई। हाल ही में अमिताभ ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें वो थ्री प्लीस पहने हुए नजर आ रहे हैं। इस फोटो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर उन्होंने लिखा था, जाने कहां गए ये दिन, अमिताभ की आने वाली फिल्मों में 'झुंड', 'ब्रमास', 'मे डे', 'गुडबाय', 'रनवे 34', 'आंखे 2', 'द इंटर्न' शामिल है।

डार्क साइड ने हमेशा आकर्षित किया रवीना टंडन

नई दिल्ली (आईएएनएस)। नेटफ्लिक्स पर अपनी सीरीज अरण्यक की रिलीज के लिए तैयार अभिनेत्री रवीना टंडन का कहना है कि उन्हें हमेशा से ही डार्क साइड का आकर्षण रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर थ्रिलर की बढ़ती लोकप्रियता और मांग के बारे में बात करते हुए, रवीना से बातचीत में कहा कि मुझे नहीं पता कि यह इतना लोकप्रिय क्यों है, लेकिन मैं इस शैली की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि यह सिर्फ आपको आकर्षित करती है। यह कुछ ऐसा है जिसे मैंने प्यार किया है और मुझे हमेशा से ही डार्क साइड ने आकर्षित किया है। 1990 के दशक में राज करने वाली अभिनेत्री का कहना है कि वह हॉरर की बहुत बड़ी प्रशंसक नहीं हैं, लेकिन यह सस्पेंस और थ्रिलर शैली है, जो उन्हें टेलीविजन स्क्रीन पर बांधे रखती है। अरण्यक उन कठिनाइयों और पूर्वाग्रहों को उजागर करता है जिनका सामना महिला अधिकारी करती हैं वे अपने काम और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करती हैं। घने जंगल में सेट सीरीज में रवीना एक स्थानीय पुलिस वाले की भूमिका निभाती है, जो एक बड़े मामले की प्रतीक्षा करती है। एक अच्छा दिन एक किशोर पर्यटक की हत्या की खबर उसे हिला देती है।

अभिषेक ने सुशांत को किया याद

मुंबई (वार्ता)। बालीवुड निर्देशक अभिषेक कपूर ने अपनी फिल्म केदारनाथ के प्रदर्शन के तीन साल पूरे होने पर फिल्म के अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को याद करते हुए एक बीटीएस तस्वीर और एक इमोशनल नोट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और सारा अली खान स्टारर फिल्म 'केदारनाथ' के प्रदर्शन के तीन साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर फिल्म के निर्देशक अभिषेक कपूर ने बीटीएस तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर कर कैप्शन लिखा, इस कहानी के देखने के लिए जोश, जुनून और पूर्ण भक्ति लगी। उसके बारे में सोचने के लिए ये अभी भी मेरे बालों को उठाता है। लेकिन किसकी मेहनत का सबसे अच्छा मीठा फल तब होत है जब आप जानते हैं कि आपने उन्हें उगाने के लिए पसीने का एक-एक टुकड़ा गिराते है। अभिषेक कपूर ने लिखा, इस प्रयास के लिए पूरी कास्ट और क्रू का बहुत आभारी हूं। सभी के एहसानमंद और प्यार के बीच, मैं मदद नहीं कर सका। लेकिन इस असाधारण आत्मा के गंभीर नुकसान की याद दिलाता हूं, जो इस फिल्म की विरासत में बनी हुई है। मैं अभी भी मंसूर को पवित्र पहाड़ों में महसूस कर सकता हूं, जो इस दुनिया में सभी मासूमियत और सुंदरता को दिखाते हुए एक प्यारी मुस्कान के साथ मुझे फिर से देख रहा है।

अभिनेताओं से भरे परिवार का होने के फायदे गिनाए करण ने

नई दिल्ली (आईएएनएस)। अपनी आगामी फिल्म 'वेल्ले' की रिलीज के लिए तैयार अभिनेता करण देओल का कहना है कि दिग्गज अभिनेताओं से भरे परिवार के साथ रहने से उन्हें उनसे कौशल सीखने को मिलता है। करण अभिनेता सनी देओल के बेटे और दिग्गज स्टार धर्मेंद्र के पोते हैं। वह 'वेल्ले' में अपने चाचा अभय देओल के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। अभय के साथ काम करने के बारे में कहा कि मैं महान अभिनेताओं से भरे परिवार में रहता हूं, इसलिए मैं स्पष्ट रूप से उनसे सीखता हूं। मेरे चाचा के साथ एक अभिनेता के रूप में काम करने में आराम और सहजता होती है। दोनों उदाहरणों में अलग-अलग बातचीत हुई क्योंकि एक निर्देशक के साथ बातचीत पूरी तरह से अलग है और एक अभिनेता के साथ यह पूरी तरह से अलग है। मैं सेट पर उसके साथ सहज था। क्राइम-कामेडी ड्रामा 'वेल्ले' 10 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म में करण के साथ अभय और सावंत सिंह प्रेमी, विशेष तिवारी, अनन्या सिंह और मौनी राय एक विशेष भूमिका में हैं। फिल्म के विचित्र शीर्षक पर चर्चा करते हुए, करण ने साझा किया 'वेल्ले' एक ऐसा व्यक्ति है जो अच्छा या बुरा होते हुए भी अपने जीवन में कुछ भी नहीं करता है। इसका शीर्षक ऐसा इसलिए है क्योंकि यह हमारे तीनों पात्रों को सबसे अधिक वेल्ला के रूप में दर्शाता है।

सीडीएस बिपिन रावत के हेलीकॉप्टर क्रैश में निधन से सदमे में बॉलीवुड

जनरल रावत को ले जा रहा वायु सेना का हेलीकॉप्टर तमिलनाडु के कुन्नूर के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें जनरल रावत समेत 14 लोग सवार थे। जनरल रावत और दूसरे अधिकारियों के आकस्मिक निधन पर बॉलीवुड में भी शोक संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं।

फिरोजाबाद को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने दी 600 करोड़ से ज्यादा की सौगात, होंगे कई बड़े कार्य

आगरा। प्रदेश में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां बढ़ने लगी हैं। गुरुवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने फिरोजाबाद जनपद को 600 करोड़ रुपये से अधिक की सौगातें दी हैं। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस धनराशि से जिले में कई बड़े विकास कार्य होंगे। गौरतलब है कि फिरोजाबाद को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता रहा है। पिछले चुनाव में यहां भाजपा ने बढ़त हासिल की थी।

फिरोजाबाद में गुरुवार दोपहर पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनसभा से पहले 661 करोड़ की परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण और शिलान्यास किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा आज खुशी की बात है कि 143 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। 661 करोड़ के अलावा 925 करोड़ की परियोजनाएं पहले ही पूरी की जा चुकी हैं। टूंडला रेलवे स्टेशन से17 किमी सड़क चौड़ीकरण, मक्खनपुर खैरगढ़ मार्ग के चौड़ीकरण, फतेहाबाद फिरोजाबाद मार्ग, नगला भाऊ के बच्चू बाबा रोड निर्माण की घोषणा करता हूं, ये काम 125 करोड़ के हैं। देश प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। इससे लूटने वालों के चेहरे की हवाइयां उड़ी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के सुशासन से विपक्षी हैरान हैं। सपा की गुंडा सरकार और भाजपा की सरकार का अंतर जनता जान रही हैं। यदि आपने 2017 में मौका नहीं दिया होता तो सपा का गुण्डाराज चल रहा होता। डिप्टी सीएम बोले हम विकास करते हैं। 2014 में मोदी सरकार बनी है तब से अब तक मोदी जी ने कभी छुट्टी ली है क्या। हर गरीब की किस्मत बदलने वाला नेता मोदी है। किसानों को एक साल में छह हजार रुपया पहुंचाने वाला नेता मिला है। यदि भ्रष्टाचारियों को मौका दिया होता तो लूट होती। आप सब के आशीर्वाद से गरीबों के घरों में खुशहाली आई है। सुहागनगरी को लोग बदनाम करते थे। एक समय ऐसा था कि सपा बसपा अकेले अकेले लड़ते थे। 2019 में बसपा सपा रालोद सब मिलकर लड़े थे। तब 51 फीसद वोट मिले थे। जैसे 2017 के विधानसभा चुनाव में हम 325 सीटें जीते थे। हम 2022 में उससे बड़ी विजय पाएंगे। सड़क पर गुंडे माफिया दिखने से काम बनने वाला नहीं है, अखिलेश जी। जब जनता जागती है तो कमल खिलता है। उन्होंने कहा कि सौ में साठ हमारा है, बाकी में बंटवारा है। जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी का साथ दिया तो राम मंदिर बन रहा है। एक्सप्रेस वे बन रहा है। सब जगह काम हो रहा है। सबसे अपील करता हूँ कि 2022 में फिरोजाबाद में सभी सीटें जीतना है। जनता का समर्थन हो तो भाजपा 403 सीटें जीतने की क्षमता है। उप्र के चुनाव के बाद कई नेता विदेश चले जाएंगे। हमारे नेता छुट्टी नहीं लेते। आपदा के काल में भी साथ रहते हैं। योगी जी अंत्योदय कार्ड धारकों को दाल तेल और नमक भी पहुंचा रहे हैं। अपने बच्चों का उज्जवल भविष्य देखना चाहते हो तो कमल खिलाना। ये कहकर डिप्टी सीएम ने अपना संबोधन समाप्त किया।

सीडीएस रावत के साथ हेलिकाप्टर में थे देवरिया के ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह, लड़ रहे जिंदगी की जंग

लखनऊ। तमिलनाडु में हुए सेना के हेलीकाप्टर हादसे में उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के कन्हौली (रुद्रपुर) के रहने वाले ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वह चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावतत का साथ हेलीकाप्टर में थे। तमिलनाडु के आर्मी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। दुर्घटना में सीडीएस जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत समेत 13 लोगों की मौत हुई है। चालक दल का नेतृत्व वरुण सिंह कर रहे थे। शौर्य चक्र से सम्मानित ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह की जीवटता और साहस को नमन करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रभु श्री राम से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। वहीं, उनके पैतृक गांव के लोग वरुण के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह के चाचा दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि वह तमिलनाडु के वेलिंगटन में तैनात हैं और अपने बेटे और बेटी के साथ रहते हैं। वहीं, उनके चाचा और कांग्रेस नेता

अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि उनकी कल रात कुछ सर्जरी हुई हैं। उन्हें सैन्य अस्पताल में आईसीयू वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया। डॉक्टरों का कहना है कि अगले 48 घंटे बहुत महत्वपूर्ण हैं। पैतृक गांव कन्हौली में वरुण के बड़े चाचा दिनेश प्रताप सिंह व छोटे चाचा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह को हेलीकाप्टर में वरुण के सवार होने की जानकारी बुधवार को अपराह्न करीब तीन बजे मिली। अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि पहले तो वरुण के बारे में कुछ पता नहीं चल पा रहा था, लेकिन वरुण की पत्नी गीतांजली से मोबाइल फोन के जरिये संपर्क होने पर वरुण के गंभीर रूप से झुलसने की जानकारी मिली। हेलीकाप्टर के चालक दल का नेतृत्व वरुण कर रहे थे। अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि गीतांजली अस्पताल में उनके साथ हैं। वरुण के एक पुत्र व एक पुत्री हैं। मां उमा सिंह, चाचा दिनेश प्रताप सिंह, उमेश प्रताप सिंह, रमेश प्रताप सिंह व अखिलेश प्रताप सिंह का परिवार चिंतित है। गांव के लोग इस दुर्घटना से दुखी हैं। सभी लोग वरुण के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

मेरठ में 11 दिसंबर को 25 हजार बूथ अध्यक्षों को रिचार्ज करेंगे भाजपाध्यक्ष नड्डा

मेरठ। उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा संगठन को नए सिरे से धार देने में जुट गई है। प्रदेशभर में दिग्गज नेता बूथ अध्यक्षों को रिचार्ज कर पार्टी की ताकत बढ़ा रहे हैं। इसी कड़ी में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 11 दिसंबर को मेरठ में पश्चिमी उप्र के बूथ अध्यक्षों को संबोधित करेंगे। इससे पहले 10 दिसंबर को प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह मेरठ पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

संवाद करने का कार्यक्रम- भाजपा की दृष्टि से पश्चिमी उप्र में 14 जिलों में 71 विस सीटे हैं, जिसमें वर्तमान में भाजपा के पास 51 विधायक हैं। लेकिन 2022 विस चुनावों में सपा-रालोद के गठबंधन की वजह से चुनावी लड़ाई कड़ी हो गई है। भाजपा मोदी-योगी फैक्टर और अपने संगठन के दम पर एक बार फिर सत्तासीन होने का दावा कर रही है। इस कड़ी में पार्टी ने माइक्रोमैनेजमेंट प्लान के तहत पश्चिमी उप्र के 27500 सक्रिय बूथों में से करीब 25 हजार बूथों के साथ संवाद करने का कार्यक्रम बनाया है। क्षेत्रीय प्रवक्ता गजेंद्र शर्मा ने बताया कि पार्टी हर कार्यकर्ता और हर घर तक पहुंचने के मैनेजमेंट पर काम कर रही है।

यूपी की महिलाओं को साधने के लिए कांग्रेस का बड़ा दांव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में तीन दशक से ज्यादा समय से राजनीतिक वनवास भोग रही कांग्रेस ने सत्ता में वापसी के लिए आधी आबादी को साधने का बड़ा दांव चला है। अपनी राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की अगुआई में पार्टी ने इसके लिए महिला घोषणा पत्र जारी करने की अनोखी पहल की है जिसमें 2022 में होने वाले विधान सभा चुनाव में लक्ष्य संधान के लिए 45 सूत्री फामूर्ला अपनाया गया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस की कमान संभालने के बाद किसानों, आदिवासियों, निषादों और महिलाओं के लिए कई मौकों पर संघर्ष करती नजर आईं प्रियंका गांधी वाड्रा ने मिशन 2022 में सफलता के लिए आधी आबादी पर निगाहें जमाई हैं जिन्हें रिझाने के लिए महिला घोषणा पत्र में 45 घोषणाएं की गई हैं। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश मुख्यालय में घोषणा पत्र जारी करने के मंच का संयोजन भी इसकी गवाही दे रहा था जिसके जरिये महिलाओं को खास संदेश देने की कोशिश की गई। मंच पर प्रियंका के साथ सिर्फ महिलाएं मौजूद थीं जिनमें पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेटा डिसूजा और कांग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा 'मोना' शामिल थीं। घोषणा पत्र जारी करने के मौके पर प्रियंका ने कहा भी कि आगे से प्रेस कांफ्रेंस की पहली पंक्ति महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगी। महिला घोषणा पत्र को 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' थीम सांग के साथ जारी करते हुए प्रियंका ने कहा



कि 'उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा का हाल सभी जानते हैं। हर दिन महिलाएं मुझसे मिलती हैं, अपना दर्द कहती हैं। पुलिस-प्रशासन अपराधी के साथ होते हैं क्योंकि उनकी सत्ता से नजदीकी होती है। महिलाएं पीड़िता नहीं बने रहना चाहती हैं। वे अपने हक के लिए लड़ना चाहती हैं। 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' नारा महिलाओं की इसी अकुलाहट से निकला है।' उन्होंने बताया कि पार्टी का समग्र घोषणा पत्र भी जल्दी जारी किया जाएगा।

100 फाइनल टिकटों में 60 महिलाएं : प्रियंका ने कहा कि विधायिकाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी बमुश्किल 14 प्रतिशत है। महिलाओं को 40 प्रतिशत टिकट देने का फैसला विधायिका में उनकी भागीदारी बढ़ाने और महिला सशक्तीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह भी बताया कि टिकटों के लिए प्राप्त हुए आवेदनों की स्क्रीनिंग के बाद जो 100 टिकट अब तक फाइनल हुए हैं, उनमें 60 महिलाएं हैं। कांग्रेस के प्रत्याशियों की पहली सूची जल्दी जारी होगी। एक सवाल के जवाब में प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मुझे अपनी धार्मिक आस्था के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं है। बता दें कि अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि जो श्री राम का नाम भी नहीं लेते थे, अब वो माथे पर टीका लगाकर मंदिरों में जा रहे हैं।

सहारनपुर में फावड़े से काटकर पड़ोसी युवक का हत्यारा गिरफ्तार, फावड़ा भी बरामद

सहारनपुर। गांव उमाही कला में विगत मंगलवार की देर रात हुए विवाद में एक 42वर्षीय युवक की हत्या पड़ोसी द्वारा फावड़े को सिर में मारकर कर दी गयी थी। जिसमें नामजद छोटू पुत्र ऋषिपाल को पुलिस ने घटना के चौबीस घंटे बाद ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ओर इसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया गया है। रामपुर मनिहारान थाना क्षेत्र के गांव उमाहीकला में मंगलवार की रात को शिवकुमार पुत्र भान्नी की हत्या उसके पड़ोसी ने उस समय करती थी जब शिवकुमार अपने बच्चे को डांट रहा था और उसका पड़ोसी छोटू बीच में बोल पड़ा।यह छोटू शिवकुमार से पुरानी रंजिश ही रखता था।इसी पुरानी रंजिश के तहत छोटू ने शिव कुमार के सिर में फावड़ा मार दे उसकी हत्या कर दी थी और फरार हो गया था घटना की तहरीर मृतक की पत्नी कविता द्वारा रामपुर मनिहारान थाने में की गई थी जिसके बाद रामपुर मनिहारान थाना प्रभारी जसवीर सिंह इस्लाम नगर चौकी इंचार्ज आजाद सिंह ने हत्यारे को पकड़ने के लिए टीम बनाकर जगह जगह दबिश दीऔर बीती देर रात उसे गांव सहजवी राजवाहे के पुल से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस के कार्य की प्रशंसा की है। कोतवाली प्रभारी जसबीरसिंह ने बताया कि छोटू ने शिव कुमार की हत्या करना स्वीकार कर लिया है और उसकी निशानदेही परी हत्या में प्रयुक्त पाउडर को भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस टीम में एस एस आई प्रवीण शर्मा, इस्लामनगर चौकी प्रभारी आजाद सिंह,दीपक नागर, राहुल यादव आदि प्रमुख थे।

बिजली कनेक्शन न काटने के लिए मांगी रिश्वत, अफसरों पर और विजिलेंसकर्मियों मुकदमा दर्ज

गोरखपुर। बिजली उपभोक्ता को परेशान करने, कनेक्शन न काटने के लिए रुपये ऐंठने के साथ धमकी देकर उत्पीड़न करने के आरोपित अफसरों और कर्मचारियों पर शिकंजा कस गया है। तिवारीपुर पुलिस ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर बिजली निगम के तत्कालीन विजलेंस इंस्पेक्टर निर्भय नारायण सिंह, बक्शीपुर के तत्कालीन एसडीओ आरके सिंह, सूरजकुंड के जेई सुनील यादव, मुकेश पटेल, प्राइवेट लाइनमैन मनोज, संदीप के साथ बिजली निगम की पूरी टीम व पुलिस बल के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। तिवारीपुर के इलाहीबाग की शहनाजबानो की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पीके दुबे व मजहर अली ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में वाद दाखिल किया था। बताया कि शहनाज बानो के घर चार किलोवाट का बिजली कनेक्शन लगा है। शहनाज अगस्त 2020 तक का बिजली बिल जमा कर चुकी थीं।

यूपी : गोसाईगंज से भाजपा एमएलए खब्बू तिवारी की विधानसभा सदस्यता रद्द

लखनऊ। अयोध्या जिले की गोसाईगंज सीट से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी की विधानसभा सदस्यता रद हो गई है। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है। 18 अक्टूबर, 2021 को फर्जी मार्कशीट केस में एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई थी। 29 साल पहले साकेत महाविद्यालय में अंक पत्र व बैक पेपर में कूट रचित दस्तावेज के सहारे धोखाधड़ी करने के मामले में विधायक के साथ छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष व सपा नेता फूलचंद यादव और चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृपा निधान तिवारी को भी कोर्ट ने दोषी करार दिया था। कोर्ट ने 13-13 हजार रुपये जुमार्ना लगाया था। विधायक और दो अन्य दोषियों को जेल भेज दिया गया था। एमपी-एमएलए कोर्ट सजा का ऐलान होते ही इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी की विधानसभा सदस्यता खतरे में आ गई थी। नियम के अनुसार दो वर्ष से अधिक की सजा होने पर सजा की तारीख से ही सदस्यता समाप्त किए जाने का

प्राविधान है। विधानसभा सचिवालय की जारी अधिसूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश विधानसभा में इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी का स्थान 18 अक्टूबर, 2021 से रिक्त हो गया है। यह मामला अयोध्या के थाना रामजन्मभूमि का वर्ष 1992 का है। 14 फरवरी, 1992 में साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय में फर्जी अंक पत्रों के आधार पर प्रवेश प्राप्त करने का मामला प्रकाश में आया था। इनमें फूलचंद यादव बीएससी प्रथम वर्ष की परीक्षा 1986 में फेल होने और बैक पेपर परीक्षा के बाद भी बीएससी द्वितीय वर्ष में प्रवेश पाने के योग्य नहीं थे, लेकिन विश्वविद्यालय की ओर से दिए गए बैक पेपर के रिजल्ट में हेरफेर कर धोखाधड़ी और षड्यंत्र के आधार पर पास होने की मार्कशीट प्राप्त कर ली। इसी प्रकार इंद्र प्रताप तिवारी ने बीएससी द्वितीय वर्ष परीक्षा 1990 में अनुत्तीर्ण होने के बावजूद बीएससी तृतीय वर्ष और कृपा निधान तिवारी ने प्रथम वर्ष 1989 में एलएलबी प्रथम वर्ष में अनुत्तीर्ण होने के बावजूद छल कपट कर एलएलबी द्वितीय वर्ष में प्रवेश प्राप्त कर लिया। इन लोगों ने महाविद्यालय में छल व धोखाधड़ी के आधार पर प्रवेश प्राप्त कर लिया था।

सुलतानपुर में नवजात को बेचने के पहले नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को बना रखा था नौकरानी

सुलतानपुर। वह अनपढ़ है, नामसमझ है और समाज के उस वर्ग से आती है जो समाज की मुख्यधारा से जुड़ने को संघर्षरत है। उसकी इसी विवशता का लाभ उन दानवों ने उठाया, जिन्हें मानव नहीं कहा जा सकता है। दोषी वह अधिकारी भी जो जानकारी होने के बावजूद भी महीनों से जांच का दावा कर रहे हैं। सुलतानपुर में जिस नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता का प्रसव करा बच्चा बेचा गया, उसे कई महीनों तक चाइल्ड लाइन की स्वयं सेविका तारा शुक्ला ने घर में नौकरानी बनाकर रखा था। चाइल्ड लाइन में परियोजना समन्वयक संदीप वर्मा उसे धमकी देकर रुपये भी वसूलता था। इसकी जानकारी जिम्मेदार विभागों को काफी दिनों पहले हुई, लेकिन दोषियों पर कार्रवाई की बजाए मामले को जांच में उलझा कर रखा गया है। न तो कोई मुकदमा दर्ज कराया गया और न ही उन्हें पकड़ने का प्रयास किया गया। किशोरी का परिवार अनुसूचित जनजाति का है।

ओमिक्रोन के खतरे को लेकर सीएम योगी गंभीर, 31 दिसंबर तक चार करोड़ वैक्सीन लगाने का लक्ष्य

लखनऊ। कोरोना के ओमिक्रोन वैरिएंट के खतरे को भांपते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने इससे बचाव की तैयारियों को और तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिए हैं कि 31 दिसंबर तक चार करोड़ लोगों को कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन लगाई जाए। यानी इन बचे दिनों में प्रतिदिन कम से कम 17 लाख से अधिक टीके लगाए जाएं। उन्होंने अस्पतालों में कोरोना से बचाव के लिए किए जा रहे इंतजामों को परखने के लिए 17 दिसंबर व 18 दिसंबर को माक ड्रिल कर तैयारी को परखने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश में अब तक 11.63 करोड़ लोगों ने वैक्सीन की पहली और इसमें से 5.58 करोड़ लोगों ने दोनों डोज लगवाई है। अभी भी 3.12 करोड़ लोग टीका लगवाने केंद्रों तक नहीं पहुंचे हैं। फिलहाल उत्तर प्रदेश कुल 17.21 करोड़ वैक्सीन लगाकर देश में अव्वल है, लेकिन ओमिक्रोन वैरिएंट से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान को और तेज करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में अब सभी जिलों में कोरोना की आरटीपीसीआर जांच के लिए लैब है। ऐसे में कोविड जांच की संख्या में बढ़ोतरी की जाए। उन्होंने कहा कि विश्व के कई देशों और दूसरे राज्यों में कोरोना का ओमिक्रोन वैरिएंट पाया गया है। अभी उत्तर प्रदेश में इसका कोई केस नहीं मिला है, ऐसे में बचाव के सभी जरूरी उपाय सख्ती के साथ किए जाएं। निगरानी कमेटियों को सतर्क किया जाए और दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। राज्य टीकाकरण अधिकारी डा. अजय घई ने बताया कि अब कोरोना से संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान में और तेजी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। क्लस्टर माडल के दूसरे चरण में ऐसे 3.12 करोड़ लोग जिन्होंने अभी तक टीका नहीं लगवाया है, उन्हें चिन्हित कर लिया गया है। घर-घर दस्तक अभियान के तहत आशा वर्कर ऐसे लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए आमंत्रित कर रही हैं।

गूगल से बैंक कस्टमर केयर का नंबर लेते समय बरतें सावधानी

लखनऊ। गूगल से स्टेट बैंक आफ इंडिया का कस्टमर केयर का नंबर लेकर फोन करना लोगों पर भारी पड़ रहा है। ठगों ने ऐसा करने वाली महिला समेत दो के खाते से रुपये पार कर दिए। तेलीबाग निवासी अमरेंद्र बहादुर वर्मा के मुताबिक सोमवार को वृंदावन योजना स्थित पीएनबी के एटीएम बूथ गए थे। रुपये तो नहीं निकले, लेकिन रकम निकाले जाने का मैसज आ गया। परेशान होकर गूगल से कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर फोन मिलाया। फोन साइबर जालसाजों ने उठाया और अमरेंद्र को झांसे में लेकर एक ऐप डाउनलोड कराया। इसके बाद उनके खाते से 56,945 रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत की है। उधर, इंदिरानगर के ब्रह्मपुरी में रहने वाली नीलम शिवनाथ ने भी गूगल पर कस्टमर केयर ढूंढकर फोन मिलाया। इसके बाद ठगों ने नीलम को झांसे में लेकर उनके खाते से 73 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि ठगों ने अलग अलग कस्टमर केयर के नाम से अपने फोन नंबर डाल रखे हैं, जिससे लोग झांसे में आकर उन नंबरों पर फोन कर देते हैं।

जिलाधिकारी ने किया चीनी मिल पेराई सत्र का हुआ शुभारम्भ

घोसी, मऊ। घोसी नगर सीमा से सटे धरौली गांव स्थित जनपद की एकमात्र किसान सहकारी चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारम्भ

बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार व विधि विधान से पूजन अर्चन कर जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल द्वारा किया गया। इस पेराई सत्र 2021-22 में मिल प्रबन्धन द्वारा 22 लाख कुंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य रखा है। बुधवार की दोपहर लगभग एक बजे जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल द्वारा पुरोहित योगेन्द्र नाथ मिश्र व जीवन उपाध्याय के साथ वैदिक मंत्रोच्चार व हवन पूजन के उपरांत फीता काटकर इस पेराई सत्र का शुभारंभ किया। बुधवार को पेराई सत्र के शुभारम्भ के साथ ही चीनी मिल में किसानों के गन्ने की तौल भी शुरू कर दी गई। प्रायः हर साल पेराई सत्र का शुभारम्भ व लक्ष्य निर्धारण के बाद चीनी मिल समय पूर्व ही बंद हो जाती थी और निर्धारित लक्ष्य से काफी दूर गन्ने की तौल होती थी। जिलाधिकारी ने हवन पूजन के बाद हैबतपुर के किसान मरछू पुत्र जगधारी की गन्ना लदी ट्राली को कांटे पर तौल कराकर पूजन अर्चन किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने वैदिक मंत्रोच्चर के बीच नारियल फोडकर गन्ना की फसल को डोंगे में डालते हुए बटन दबाकर मिल को चालू किया। पेराई सत्र के पहले दिन ही चीनी मिल परिसर में लगभग 100 की संख्या में गन्ना लदी ट्रालियों के साथ किसान तौल कराने के लिये कतार में लग गये थे। चीनी मिल के इस पेराई सत्र के शुभारम्भ के अवसर पर उपजिलाधिकारी सुरेश कुमार, तहसीलदार पीसी लाल श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार, चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक लालता प्रसाद सोनकर, मुख्य गन्ना अधिकारी आरएस यादव, मुख्य अभियंता केके सिंह, सुरेंद्र कुमार, रामाश्रय, लेखाकार सुनील कुमार राय, आसवानी प्रबन्धक मानवी सिंह, चीनी मिल के उप सभापति रामाश्रय राय, सुजीत कुमार सिंह, शेख हिसामुद्दीन, राजमंगल यादव, आनन्द चैधरी, शिवाकान्त मिश्रा, नीरज सिंह, रवींद्रनाथ उपाध्याय, शंकर सुमन राय, विजय राय, जमानत अब्बास, शकील आजम सिद्दीकी सहित प्रशासनिक अधिकारी, चीनी मिल कर्मचारी व क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

प्रशासन ने सड़क किनारे लगवाया चेतावनी बोर्ड

मऊ। बुधवार को गाजीपुर तिरहे से आजमगढ मोड तक सडक यातायात को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए प्रशासन ने लोगों को चेतावनी के लिए आदेश का बैनर लगाया गया है कि यदि कोई सड़क पर वाहन खड़ा करता है तो चालान कर अर्थदंड वसूला जाएगा। सड़क पर यदि कोई अवैध व्यवसायिक गतिविधि की जाती है तो भी जुमार्ने की कार्यवाही आरोपित की जाएगी। सड़क के किनारे दुकानों द्वारा यदि टीन-शेड लगाकर बढ़ाया गया है तो उसे हटा लें अन्यथा अवैध अतिक्रमण हटाते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वही आजमगढ़ मोड़ पर स्थित ट्रांसफार्मर को हटाने की कार्यवाही जारी है, फाउंडेशन बनाया जा रहा है अति शीघ्र स्थानांतरित कर दिया जाएगा। आजमगढ़ गाजीपुर तिराहा मार्ग पर 41 व्यक्तियों की गाड़ी का चालान किया गया तथा कुल 108 व्यक्तियों का गाड़ी का चालान किया गया और जुमार्ना लगाया गया। साथ ही लोगों को चेतावनी और जागरूक करने के लिए 10 भीड़भाड़ वाले चिन्हित स्थलों पर बैनर लगाया गया। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर, थानाध्यक्ष कोतवाली एवं यातायात सब इंस्पेक्टर उपस्थित रहे।

रोहित को मिली वनडे की कमान

आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित

विराट कोहली अब वनडे टीम के कप्तान नहीं रहे, वह सिर्फ भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करेंगे।

मुंबई (एजेंसी)। रोहित शर्मा को विराट कोहली की जगह भारतीय वनडे टीम का नया कप्तान बनाया गया है। रोहित आगामी सीरीज से वर्ल्ड कप 2023 तक टीम इंडिया के कप्तान रहेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए बुधवार को भारतीय टीम की घोषणा कर दी।

बीसीसीआई के अधिकारियों का मानना है कि वनडे और टी-20 के लिए अलग कप्तान नहीं होना चाहिए। इसी वजह से रोहित को वनडे की कप्तानी दी गई है। 2023 वर्ल्डकप में भी बहुत ज्यादा समय नहीं बचा है। ऐसे में चयनकर्ता और बीसीसीआई अधिकारी चाहते थे कि रोहित के पास वनडे वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम बनाने का भरपूर समय होना चाहिए। विराट जनवरी 2017 में भारत के वनडे कप्तान बने थे, जब धोनी ने इस पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने बाद में बताया था कि कोहली को 2019 वर्ल्डकप की तैयारी का समय देने के लिए उन्होंने यह कदम उठाया था। हालांकि विराट भारत को 2019 वर्ल्डकप नहीं जिता पाए थे। इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। विराट कोहली टेस्ट टीम के कप्तान बने रहेंगे जबकि रोहित को लम्बे फॉर्मेट में नया उपकप्तान बनाया गया है। रोहित साथ ही वनडे में कप्तान बनाए गए हैं। रोहित अब वनडे और टी -20 फॉर्मेट में कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

कप्तान के तौर पर विराट कोहली और रोहित शर्मा का रिकॉर्ड

रोहित शर्मा का वनडे कप्तान के तौर पर रिकॉर्ड बहुत शानदार रहा है। रोहित ने अभी तक 10 वनडे इंटरनेशनल मैचों में कप्तानी की है। इसमें से उन्होंने 8 में जीत हासिल की थी। दो मैचों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान रोहित ने 77.57 की औसत से 543 रन बनाए हैं। गौरतलब है कि रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को हाल ही में तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 से मात दी थी। उन्होंने पहली बार साल 2018 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में कप्तानी की थी। वनडे इंटरनेशनल में कप्तानी करते हुए उन्होंने 10 मैचों में एक डबल सेंचुरी, एक सेंचुरी और 5 फिफ्टी जड़ी हैं। वहीं विराट कोहली की बात करें तो उन्होंने 95 वनडे इंटरनेशनल मैचों में कप्तानी की है। इसमें से उन्हें बतौर कप्तान 65 मैचों में जीत और 27 मैचों में हार मिली है। इस दौरान उनकी जीत का औसत 68.42 फीसदी रहा है। कोहली ने इस दौरान 5449 र बनाए हैं। उन्होंने वनडे में कप्तानी करते हुए 21 सेंचुरी और 27 फिफ्टी जड़ी हैं। इस दौरान उनका औसत 72.65 का रहा है।

टेस्ट टीम में राहुल, पंत और बुमराह की वापसी, रोहित होंगे उपकप्तान

शीर्ष ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल चोटों के कारण दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे से बाहर हो गए हैं। दाएं हाथ में सूजन के कारण जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे और इसी चोट ने उन्हें दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर कर दिया है। टेस्ट सीरीज के लिए घोषित 18 सदस्यीय भारत टीम में सफेद गेंद टीम के कप्तान रोहित शर्मा सहित लोकेश राहुल, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह और शार्दुल ठाकुर की वापसी हुई है। विराट कोहली की कप्तानी वाली इस टीम में रोहित शर्मा को उप कप्तान की भूमिका दी गई है, जबकि भारतीय चयन समिति ने रोहित को वनडे और टी-20 टीम का फुल टाइम कप्तान घोषित किया है। फॉर्म से जूझ रहे अजिंक्या रहाणे को टेस्ट उप कप्तान के पद से तो हाथ धोना पड़ा है, लेकिन वह टीम में जगह बनाए रखने में सफल रहे हैं, हालांकि उन्हें अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि चयनकर्ताओं के सामने श्रेयस अय्यर और हनुमा विहारी का विकल्प होगा। अय्यर ने जहां न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अपने पदार्पण पर प्रभावित किया है, वहीं विहारी दक्षिण अफ्रीका में भारत ए के लिए बल्ले के साथ काफी अच्छे दिखे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी, जिन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के लिए आराम दिया गया था, वे अब टीम में लौट आए हैं। इसके अलावा नवदीप सैनी, सौरभ कुमार, दीपक चहर और अर्जन नागवसवाला को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल किया गया है।

18 सदस्यीय भारतीय टेस्ट टीम

विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा (उप कप्तान), लोकेश राहुल, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्या रहाणे, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, जयंत यादव, इशांत शर्मा, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज।

वनडे कप्तान बनते ही रोहित शर्मा का 11 साल पुराना ट्वीट वायरल

रोहित के कप्तान बनने के बाद उनका 11 साल पुराना ट्वीट सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। उन्होंने ये ट्वीट 17 अप्रैल 2010 को किया था। उन्होंने ट्वीट किया, लोग सवाल कर रहे हैं कि मैं क्या वर्ल्ड कप टीम में होना डिजर्व करता हूं। मैं बल्ले से इसका जवाब देना पसंद करूंगा। गौरतलब है कि रोहित ने 2007 में टीम इंडिया में कदम रख लिया था। इसके बाद वो साल 2011 में भारत में हुए वर्ल्ड कप में वे टीम इंडिया का हिस्सा नहीं थे।

सबसे ज्यादा गोल करने वाले दक्षिण अमेरिकी फुटबॉलर बने मेसी

पीएसजी ने क्लब ब्रग को 4-1 से हराया

नई दिल्ली। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी सबसे ज्यादा गोल करने वाले साउथ अमेरिकन फुटबॉलर बन गए हैं। अब मेसी के गोलों की संख्या 758 हो गई हैं।

लियोनेल मेसी और काइलन एमबापे के दो- दो गोल की मदद से चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने क्लब ब्रूज को 4-1 से हराया। सिटी ग्रुप में शीर्ष पर रहकर जबकि पीएसजी दूसरे स्थान की टीम के रूप में आगे बढ़ने में सफल रही। मेसी ने 757वें गोल के साथ पेले के रिकॉर्ड की बराबरी की फिर मैच खत्म होते-होते सबसे आगे निकल गए। एक वक्त ब्राजील के पेले के नाम 757 गोल दिखाए गए थे। जैसे ही क्रिस्टियानो रोनाल्डो उनसे आगे निकले पेले के गोल को बढ़ाकर 767 कर दिया गया। पेले दावा करते हैं कि उन्होंने अपने करियर में 1,283 गोल मारे हैं, जिसमें से 526 गोल गैर आधिकारिक टूर गेम्स में आए।

अब सिर्फ रोनाल्डो ही मेसी से आगे

बीते हफ्ते पुर्तगाल के क्रिस्टियानो 800 गोल मारने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बने थे। इसका मतलब अब पीएसजी के फॉरवर्ड मेसी की निगाहें मैनचेस्ट के फॉरवर्ड के रिकॉर्ड पर होगी। रोनाल्डो के नाम 801 करियर गोल हैं। रोनाल्डो 686 क्लब करियर गोल के साथ 115 इंटरनेशनल गोल कर चुके हैं। 36 वर्षीय रोनाल्डो ने 450 गोल रियल मैड्रिड के साथ, 130 गोल यूनाइटेड के लिए, 101 यूवेंट्स तो पांच स्पोर्टिंग लिस्बन के लिए दागे। दूसरी ओर मेसी ने 672 गोल बार्सिलोना के लिए किए हैं, जो अपने आप में रेकॉर्ड है। मेसी ने नए क्लब पीएसजी के लिए 14 मैच में छह गोल दाग चुका है।

अंतिम-16 में पहुंचा एटलेटिको मैड्रिड

एटलेटिको मैड्रिड ने तीन खिलाड़ियों को लाल कार्ड, मैदान पर झड़प और अंतिम क्षणों में तीन गोल के गवाह बने मैच में पोर्टो को 3-1 से हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम 16 में अपनी जगह बनाई। एटलेटिको को क्वॉलीफाई करने के लिए ग्रुप बी के इस मैच में जीत की जरूरत थी। पोर्टो के पास भी क्वॉलीफाई करने का मौका था। उसने इस मैच में दूसरे स्थान पर रहकर शुरुआत की थी। वह एटलेटिको और एसी मिलान से एक अंक आगे था। मिलान को लिवरपूल ने 2-1 से हराकर लगातार छठी जीत दर्ज की। ऐसे में पोर्टो और एटलेटिको का मैच महत्वपूर्ण बन गया था। एटलेटिको के दो और पोर्टो के एक खिलाड़ी को लाल कार्ड मिलने के कारण दूसरे हाफ में मैदान छोड़ना पड़ा था। एंटोनी ग्रीजमैन ने 56वें मिनट में एटलेटिको को बढ़त दिलायी। एंजेल कोरिया और रोड्रिगो डि पॉल ने 90 मिनट का खेल होने के बाद गोल करके एटलेटिको की बढ़त 3-0 कर दी। ग्रुप ए में मैनचेस्टर सिटी को हालांकि आरबी लिपजिग से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य मुकाबले में अजॉक्स ने स्पोर्टिंग को 4-2 से हराकर ग्रुप सी में लगातार छठी जीत दर्ज की।

बांग्लादेश के खिलाफ पाक ने किया क्लीन स्वीप

दूसरे टेस्ट में पारी और आठ रन से हराया

ढाका। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच में तीन दिन बारिश की बाधा रहने के बाद मंगलवार और बुधवार को खेल संभव हो पाया और पाकिस्तान ने यह मैच पारी और आठ रन से जीतकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर ली। पाकिस्तान ने चार विकेट पर 300 रन बनाकर अपनी पहली पारी घोषित कर दी।

बांग्लादेश ने इसके जवाब में अपने सात विकेटं मात्र 76 रन पर खो दिए और पांचवें दिन बुधवार को उसकी पहली पारी 87 रन पर सिमट गयी जिसके बाद उसे फॉलोआन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। बांग्लादेश की दूसरी पारी 205 रन पर सिमट गयी और उसे पारी तथा आठ रन से हार का सामना करना पड़ा। मैच में कुल 12 विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर साजिद खान प्लेयर ऑफ द मैच और आबिद अली प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। पाकिस्तान ने पहला टेस्ट आठ विकेट से और उससे पहले तीनों टी-20 मैच जीते थे। पाकिस्तान ने इस तरह बांग्लादेश का दौरे में सूपड़ा साफ कर दिया।

अश्विन और मयंक को टेस्ट रैंकिंग में फायदा

गेंदबाजी व ऑलराउंडर रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे अश्विन

दुबई। भारतीय अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में छलांग लगाई है।

अश्विन जहां दोनों पारियों में चार-चार विकेट लेने की बदौलत गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, वहीं मयंक पहली और दूसरी पारी में क्रमशः 150 और 62 रन बनाने से 31 स्थानों की लंबी छलांग के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में 11वें नंबर पर आ गए हैं। मयंक की करियर बेस्ट रैंकिंग 10 है जो नवंबर 2019 में रही थी। वहीं अश्विन को ऑलराउंडर रैंकिंग में भी एक स्थान का फायदा हुआ है। वह अब जेसन होल्डर के बाद दूसरे स्थान पर हैं। रवींद्र जडेजा हालांकि ऑलराउंडर रैंकिंग में चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। आईसीसी की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल को भी 21 स्थानों का फायदा हुआ है और वह अब 45वें नंबर पर आ गए हैं, जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज चार पायदान के फायदे से गेंदबाजों की सूची में 41वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा दूसरे टेस्ट मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए एक पारी में 10 विकेट लेने का करिश्मा करने वाले न्यूजीलैंड के लेफ्ट आर्म स्पिनर एजाज पटेल 23 स्थानों की लंबी छलांग के बाद 38वें स्थान पर आ गए हैं। वेस्टइंडीज ऑलराउंडर जेसन होल्डर गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से 14वें नंबर पर आ गए हैं। वह ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं।

महाराष्ट्र ने मप्र को पांच विकेट से हराया

विजय हजारे ट्रॉफी: गायकवाड़ ने जड़ा शतक

राजकोट। भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में पदार्पण कर चुके कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के आक्रामक शतक से महाराष्ट्र ने विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप डी के बड़े स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में मध्य प्रदेश को पांच विकेट से हराया।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे मध्य प्रदेश ने सलामी बल्लेबाज सिद्धार्थ पाटीदार (05) और रजत पाटीदार (07) के विकेट जल्दी गंवा दिए। टीम हालांकि शुभम शर्मा (108) और कप्तान आदित्य श्रीवास्तव (104) के शतक और सलामी बल्लेबाज अभिषेक भंडारी की 70 रन की पारी की बदौलत छह विकेट पर 328 रन बनाने में सफल रही। जवाब में सलामी बल्लेबाजों गायकवाड़ (136) और यश नाहर (49) तथा राहुल त्रिपाठी (56) की बदौलत महाराष्ट्र ने दो गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 330 रन बनाकर जीत दर्ज की। अन्य मैचों में ग्रुप डी के अन्य मैच में छत्तीसगढ़ ने उत्तराखंड को 21 रन से हराया जबकि केरल ने चंडीगढ़ को छह विकेट से शिकस्त दी। छत्तीसगढ़ ने कप्तान हरप्रीत सिंह (104) और अंकित खरे (106) के शतक की मदद से छह विकेट पर 256 रन बनाए। उत्तराखंड की टीम इसके जवाब में रोबिन बिष्ट के नाबाद 130 और स्वप्निल सिंह के 57 रन के बावजूद पांच विकेट पर 235 रन ही बना सकी। चंडीगढ़ की टीम कप्तान और सलामी बल्लेबाज मनन वोहरा के 56 रन के बावजूद 50 ओवर में आठ विकेट पर 184 रन ही बना सकी। केरल की ओर से एस जोसेफ ने 44 रन देकर तीन जबकि बासिल थंपी ने 31 रन देकर दो विकेट चटकाए। केरल ने इसके जवाब में सचिन बेबी (59) के अर्धशतक और सलामी बल्लेबाज रोहन कुनुमल (46) की उपयोगी पारी से 34 ओवर में चार विकेट पर 185 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

सुनिधि, अपराजिता, शरण्या व मनताशा पदक की दौड़ में बरकरार

भोपाल। मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी की सुनिधि चौहान, अपराजिता सिंह, शरण्या लाखन और मनताशा अकील ने 64वीं राष्ट्रीय रायफल शूटिंग चैंपियनशिप-2021 के 50 मीटर रायफल प्रोन स्पर्धा में अपने-अपने वर्ग में पदक की होड़ में दावेदारी बरकरार रखी है। चैंपियनशिप में गुरुवार को इस वर्ग के फाइनल मुकाबले और पुरस्कार वितरण होगा। मप्र अकादमी की सुनिधि ने 50 मीटर रायफल प्रोन महिला वर्ग में 616 अंकों के साथ सातवां स्थान बनाया हुआ है। इसी वर्ग में मप्र की अपराजिता 610.70 अंकों के साथ 22वें स्थान पर है। इस वर्ग में तेलंगाना की सुरभि भारद्वाज रापोले पहली, रेलवे की सविता ठाकुर दूसरी और राजस्थान की स्वीटी चौधरी तीसरी रैंक पर बनी हुई है। 50 मीटर रायफल प्रोन जूनियर महिला वर्ग में मप्र अकादमी की शरण्या (603.20) और मनताशा (603) क्रमशः 15वें और 16वें स्थान पर है। इस वर्ग में तेलंगाना की सुरभि भारद्वाज पहले, राजस्थान की स्वीटी भारद्वाज दूसरे और आंध्र प्रदेश की राजा सागी श्री अपूर्वा तीसरे रैंक पर काबिज है। 10 मीटर एयर रायफल पुरुष वर्ग में मप्र के हर्षित बिंजवा सातवें, श्रेयस सिंह बघेल 16वें और अविनाश यादव 17वें स्थान पर है। 10 मीटर एयर रायफल जूनियर पुरुष वर्ग में मप्र के अविनाश यादव 10वें, सजल सिंघी 15वें और आदर्श तिवारी 24वें स्थान पर है। 10 मीटर एयर रायफल यूथ पुरुष वर्ग में मप्र के सजल सिंघी सातवें स्थान पर हैं।

भारत ए के खिलाफ मजबूत स्थिति में द. अफ्रीका ए

ब्लूमफोंटेन। सारेल अर्वी (नाबाद 85) और जुबैर हम्जा (नाबाद 78) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ए ने भारत के खिलाफ तीसरे चार दिवसीय गैर आधिकारिक टेस्ट मैच के तीसरे दिन बुधवार को अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 196 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। दक्षिण अफ्रीका ए के पास अब 188 रन की कुल बढ़त हो गई है। इससे पहले इंडिया ए ने छह विकेट पर 229 रन से आगे खेलते हुए 276 रन बनाए और पहली पारी में आठ रन की बढ़त हासिल की। दक्षिण अफ्रीका ए ने अपनी पहली पारी में 268 रन बनाए थे। नाबाद बल्लेबाज ईशान किशन 86 रन से आगे खेलते हुए 91 रन बनाकर आउट हुए। नवदीप सैनी ने 27 रन बनाए। भारत ए ने बढ़त हासिल की लेकिन दूसरी पारी में मेजबान टीम के बल्लेबाजों पर लगाम नहीं कस पाए। कप्तान पीटर मलान 27 रन बनाकर टीम के 43 के स्कोर पर आउट हुए। लेकिन इसके बाद अर्वी और हम्जा ने दूसरे विकेट के लिए मजबूत और अविजित साझेदारी की।

बैडमिंटन चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे मोमोता

नई दिल्ली। दो बार के गत चैम्पियन जापान के केंटो मोमोता ने पीठ की चोट से समय पर नहीं उबरने के कारण रविवार से शुरू होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप से हटने का फैसला किया। खेल की विश्व संचालन संस्था (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा, बीडब्ल्यूएफ इस खबर की पुष्टि कर सकता है कि दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और पुरूष एकल गत चैम्पियन केंटो मोमोटा ने चोट की वजह से टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। मोमोटा पीठ की चोट के कारण पिछले हफ्ते के एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स 2021 से भी हट गये थे और जापान लौट चुके हैं। सत्ताईस वर्षीय मोमोटा ने ट्रेनिंग के दौरान लगी पीठ की चोट के कारण इंडोनेशिया के बाली में विश्व टूर फाइनल्स में ग्रुप ए के शुरूआती मैच में भारत के लक्ष्य सेन के खिलाफ मैच से हटने का फैसला किया था।

ऑस्ट्रेलिया ओपन में हिस्सा नहीं लेंगी सेरेना विलियम्स

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की प्रविष्टियों में सेरेना विलियम्स का नाम गायब होने के बाद उन्होंने खुद इस बात पुष्टि कर दी है कि वह साल का पहला ग्रैंडस्लैम नहीं खेलेंगी। सेरेना ने चोट के कारण विम्बलडन के पहले दौर से बाहर होने के बाद से कोई टूर्नामेंट नहीं खेला है। वह रैंकिंग में खिसककर 41वें स्थान पर आ गई हैं। उन्होंने 23वां ग्रैंडस्लैम 2017 में ऑस्ट्रेलिया ओपन के रूप में ही जीता था। इस साल नाओमी ओसाका ने उन्हें सेमीफाइनल में सीधे सेटों में हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की वेबसाइट पर बुधवार को कहा कि सात बार की महिला एकल चैम्पियन सेरेना अपनी मेडिकल टीम की सलाह पर आस्ट्रेलियाई ओपन नहीं खेलेंगी। सेरेना ने कहा, यह आसान फैसला नहीं था लेकिन मुझे पता है कि मैं खेलने के लिये फिट नहीं हूं। मुझे मेलबर्न में खेलने का इंतजार रहता है। मुझे इसकी कमी खलेगी लेकिन उम्मीद करती हूं कि जल्दी ही वापसी करूंगी। नोवाक जोकोविच पुरुषों की प्रवेश सूची में नंबर एक खिलाड़ी के रूप में सूचीबद्ध हैं जिससे संकेत मिलते हैं कि वह सभी खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिये कोविड-19 के पूर्ण टीकाकरण के आस्ट्रेलिया के कड़े नियमों के बावजूद 17 नवंबर से मेलबर्न पार्क में शुरू होने वाले टूर्नामेंट में खेलेंगे। जोकोविच ने हाल के महीनों में टीकाकरण की अपनी स्थिति पर टिप्पणी नहीं की थी हालांकि उन्हें एक जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले एटीपी कप के लिए सर्बिया की टीम में शामिल किया गया है।

विजय हजारे ट्रॉफी: कप्तान सुभ्रांशु का शानदार शतक ओडिशा ने आंध्र को हराया

मुंबई। कप्तान सुभ्रांशु सेनापति के शतक से ओडिशा ने विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट के ग्रुप ए में बुधवार को यहां आंध्र को 63 रन से हराया जबकि गुजरात और विदर्भ ने भी अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया। गुजरात ने जम्मू-कश्मीर को पांच विकेट से हराया जबकि विदर्भ ने हिमाचल प्रदेश को सात विकेट से शिकस्त दी। ओडिशा ने सुभ्रांशु के 116 रन के अलावा सलामी बल्लेबाज संदीप पटनायक (57) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 92 और गोविंद पोदार (46) के साथ तीसरे विकेट की 124 रन की साझेदारी की बदौलत 50 ओवर में पांच विकेट पर 278 रन बनाए। सुभ्रांशु ने 120 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के जड़े। विकेटकीपर बल्लेबाज राजेश धूपर ने भी 17 गेंद में नाबाद 28 रन बनाए। आंध्र की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने पांचवें ओवर में 17 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए थे। टीम इस खराब शुरूआत से नहीं उबर पाई और अंततः 46.3 ओवर में 215 रन पर सिमट गई। रिकी भुई 74 रन के साथ आंध्र के शीर्ष स्कोरर रहे जबकि मनीष गोलामारू ने 41 गेंद में 48 रन का योगदान दिया। ओडिशा की ओर से जयंत बेहड़ा ने 24 रन देकर चार जबकि देवव्रत प्रधान ने 56 रन देकर दो विकेट चटकाए। दूसरी तरफ गुजरात ने चिंतन गजा (30 रन पर चार विकेट) और हेमंग पटेल (29 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी से जम्मू-कश्मीर को 42.1 ओवर में 171 रन पर समेटने के बाद 79 गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 172 रन बनाकर जीत दर्ज की। गुजरात की ओर से भार्गव मेराई ने 83 गेंद में पांच चौकों की मदद से नाबाद 57 रन बनाए जबकि रिपल पटेल ने 33 रन की पारी खेली। एक अन्य मैच में कप्तान रिषी धवन (61) के अर्धशतक के बावजूद हिमाचल की टीम 46 ओवर में 213 रन पर सिमट गई। विदर्भ की ओर से यश ठाकुर ने 53 रन देकर पांच विकेट चटकाए जबकि अक्षर वखारे और दर्शन नालकंडे ने दो-दो विकेट हासिल किए। इसके जवाब में विदर्भ ने अथर्व ताइडे (64) और यश राठौड़ (नाबाद 76) के अर्धशतकों से 39.5 ओवर में तीन विकेट पर 216 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। यश ने अक्षय वाडकर (नाबाद 44) के साथ चौथे विकेट के लिए 95 रन की अटूट साझेदारी की।

एशेज सीरीज: पैट कमिंस के कहर से इंग्लैंड ढेर

इंग्लैंड को पहले टेस्ट में पहले दिन 147 रन पर समेटा, कमिंस ने झटके पांच विकेट

ब्रिस्बेन । कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस के 38 रन पर पांच विकेट लेने के ऐतिहासिक प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पहले एशेज क्रिकेट टेस्ट मैच के वर्षा प्रभावित पहले दिन बुधवार को 50.1 ओवर में मात्र 147 रन पर ढेर कर दिया।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन उसकी शुरुआत खराब रही और मैच की पहली गेंद पर मिशेल स्टार्क ने रोरी बर्न्स को बोल्ड कर दिया। डेविड मलान मात्र छह रन बनाकर जोश हेजलवुड की गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों लपके गए। कप्तान जो रुट नौ गेंदों में खाता खोले बिना हेजलवुड की गेंद पर स्लिप में डेविड वार्नर को कैच थमा बैठे। बेन स्टोक्स पांच रन बनाने के बाद कमिंस का शिकार बने। ओपनर हसीम हमीद को कमिंस ने टीम के 60 रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा।

हमीद ने 75 गेंदें खेलकर 25 रन बनाए। ओली पॉप और जोस बटलर ने छठे विकेट के लिए 52 रन जोड़े। बटलर को स्टार्क ने विकेट के पीछे कैरी के हाथों कैच कराया। बटलर ने 58 गेंदों पर पांच चौकों के सहारे 39 रन बनाए। ओली पॉप को कैमरून ग्रीन ने आउट किया। पॉप ने 79 गेंदों पर दो चौकों के सहारे 35 रन बनाए। क्रिस वोक्स 24 गेंदों में चार चौकों के सहारे 21 रन बनाकर कमिंस का तीसरा शिकार बने। कमिंस ने ओली रॉबिन्सन और मार्क वुड के विकेट लेकर पांच विकेट पूरे किए और इंग्लैंड को 147 रन पर निपटा दिया। कमिंस के पांच विकेटों के अलावा स्टार्क और हेजलवुड ने दो-दो विकेट लिए।

मुख्य तथ्य

- कमिंस इस तरह टेस्ट कप्तानी के डेब्यू में पांच विकेट लेने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बने। इससे पहले ज्यॉर्ज गिफेन ने 1894 में कप्तानी में पदार्पण करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ मेलबर्न में दूसरी पारी में 155 रन देकर छह विकेट लिए थे। कमिंस टेस्ट कप्तानी डेब्यू में पांच विकेट लेने वाले 14वें कप्तान बने हैं। कमिंस वकार यूनिस के बाद दूसरे तेज गेंदबाजी कप्तान हैं जिन्होंने डेब्यू मैच में 5 विकेट झटकने का रिकॉर्ड वकार यूनिस के नाम था। ओवरऑल (स्पिन और पेसर) की बात करें तो ऐसा करने वाले राशिद खान आखिरी कप्तान थे।
- दूसरी बार ही ऐसा हुआ है जब एशेज टेस्ट सीरीज में पहली गेंद पर विकेट गिरा है, इससे पहले 1936 गाबा टेस्ट में इंग्लैंड के ओपनर स्टैन वर्थिंगटन को इर्नी मककोर्मिक ने विकेट के पीछे पहली गेंद पर आउट कराया था।
- यह तीसरा मौका है जब एशेज में 100 साल के इतिहास में पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए टीम इंग्लैंड के 147 रनों से नीचे आउट हुई है। ऑस्ट्रेलिया 1968 गाबा टेस्ट में 116 और 1997 में ऐजबस्टन टेस्ट में 118 पर आउट हुई थी। जबकि इंग्लैंड की टीम केवल एक बार 1958 में 134 रनों पर आउट हुई।
- एशेज के पहले मैच की पहली पारी में इंग्लैंड का 100 सालों में यह पांचवां सबसे न्यूनतम स्कोर है।

तीन बच्चों की मां को हुआ प्रेम, शादी की जिद पर प्रेमी ने उतारा मौत के घाट

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। कहते हैं इश्क करने ना कोई उम्र होता है और ना ही कोई दस्तूर होता है। यह कब और किससे हो जाए यह पता नहीं होता है। पति मुंबई में काम कर रहा था और सोच रहा था कि घर पर बैठे हमारी पत्नी और फूल के जैसे तीन बच्चों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना होने पाए, लेकिन घर पर रहने वाली पत्नी को तो किसी और से ही इश्क हो गया और इस इतना बेपनाह हो गया कि उसके साथ जीने और मरने की कसमें खाने लगी। जब बात जीने और मरने की हो तो अंत में महिला को मौत ही नसीब हुआ, कमबख्त जिस प्रेमी के बुलाने पर वो रात में ही घर छोड़कर चल पड़ी, वही प्रेमी उसे मौत के घाट उतार दिया। अहरौरा थाना क्षेत्र के कुम्हिया जंगलमहाल में मिले महिला रिंका देवी उम्र 28 वर्ष के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने हत्या में आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि गिरफ्तार आरोपी संतोष बिन्द का मृतका के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। ऐसे में महिला अपने पति का साथ छोड़कर संतोष बिंद के साथ रहने के लिए जिद करने लगी। प्रेम में धोखा देने कि नियत रखने वाले संतोष बिंद को यह बात नागवार गुजर गया, जहां वह तीन बच्चों की मां वाली प्रेमिका से पीछा छुड़ाने के लिए गला दबाकर हत्या कर दिया। इस मामले में जब पुलिस जांच में जुटी तो सर्विलांस के माध्यम से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी ने बताया कि अहरौरा के जंगलमहाल में मिले महिला के शव मामले में खुलासा कर दिया गया है। इस हत्या में शामिल पड़ोस के गांव के रहने वाले आरोपी प्रेमी संतोष बिन्द को गिरफ्तार किया गया है। महिला को तीन बच्चे हैं, जहां पति मुंबई में काम करते हैं। ऐसे में महिलाओं को पड़ोस के गांव में रहने वाले युवक के साथ प्रेम हो गया था। महिला उसके पास रहने की जिद कर रही थी, जिसके बाद आरोपी ने पहले महिला को पहाड़ पर बुलाया, जहां गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी शव को छोड़कर मौके से फरार हो गया। अहरौरा पुलिस की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा आजमगढ़

प्रखर आजमगढ़। फसल अवशेष प्रबंधन परियोजनातर्गत मोबिलाइजेशन ऑफ कॉलेज स्टूडेंट के अंतर्गत नन्द एकेडमी महिला महाविद्यालय रोहुआ मुस्तफाबाद आजमगढ़ के छात्राओं के साथ निबंध स्लोगन पेंटिंग एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस जागरुकता आयोजन का मुख्य बिंदु इनसीटू पराली का व्यापक प्रबंधन कर पर्यावरण संरक्षण सहित मृदा उर्वरता बढाकर रासायनिक उर्वरकों के कम प्रयोग पर बढ़ावा देकर पौष्टिक खाद्य उत्पादन करने हेतु प्रशिक्षित भी किया गया। इस प्रतियोगिता में कालेज के डेढ़ सौ से अधिक छात्रोंओं ने प्रतिभाग कर प्रतियोगिता के माध्यम से पुरस्कृत हुई जिसमें में रीती यादव प्रीति यादव मीनू सरोज व नेहा सरोज ने प्रथम एवं अनीता, प्रीती विभा द्वतीय तथा अंशिका संध्या लच्छमीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ आर के सिंह ने प्रबंधक श्री सच्चिदानंद यादव एवं प्राचार्य डॉ बृजेश कुमार मौर्य ने छात्राओं के पुरस्कार प्राप्त करने पर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ रणधीर नायक गौरव वर्मा महात्मा गांधी नेशनल फेलो, संजय गुप्ता एफ सी ए सहित कालेज के स्टाफ गीतांजलि यादव श्वेता कुमारी रविंद्र मौर्य सूरज राजभर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आज आएंगे केशव प्रसाद मौर्य, भूल सुधारने को लेंगे बुढ़िया माई का आशीर्वाद

प्रखर जखनियां गाजीपुर। विश्व विख्यात मठ हथियाराम सहित मठ से जुड़े श्रद्धालुओं की उम्मीदों पर पानी फिराने वाले प्रदेश के उप मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे हेपीपैड स्थल तहसील जखनियां पहुचेंगे। पूर्वान्ह 11:10 मिनट बजे हथियाराम मठ परिसर में दर्शन पूजन करेगें।साथ ही अपने से हुई कतिपय कारणों से हुई गलती के लिए बुढ़िया माई से क्षमा याचना करेंगे। गौरतलब है कि दशहरा में श्री मौर्य के आगमन के मद्देनजर राजशाही तैयारी की गई थी।मगर पीठाधीश्वर सहित लोगों की उम्मीदों पर उस वक्त पानी फिर गया था जब अचानक कार्यक्रम रद्द किए जाने की खबर मिली।अब श्री मौर्य खुद अपने तरफ से कार्यक्रम निर्धारित कर पहुंचेंगे।तत्पश्चात पूर्वान्ह 11:40 बजे हेलीपैड स्थल अलीपुर मदरा निकट जखनियां तहसील पहुचेंगे। पूर्वान्ह 11:50 बजे कार्यक्रम स्थल अलीपुर मदरा में सैदपुर,जखनियां, जमानियां तथा सदर विधान सभा की लोक निर्माण विभाग/राजकीय निर्माण निगम/सेतु निगम की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्याश एवं जनसभा को संबोधित करने के उपरान्त पार्टी पदाधिकारियों संग संवाद करेंगे। दोपहर 12:45 बजे प्रेसवार्ता करेंगे। दोपहर 01:05 बजे हेलिकाप्टर द्वारा आजमगढ़ को प्रस्थान कर जाएंगे।

वनस्थली पीजी कॉलेज के बच्चों ने अंतर महाविद्यालय एथलीट प्रतियोगिता में लिया भाग

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स पुरुष एवं महिला महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ प्रतियोगिता 2021-22 का आयोजन सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीक स्नातकोत्तर महाविद्यालय गहनी वाराणसी में आयोजित किया गया जिसमें बनस्थली पीजी कॉलेज अहरौरा के b.a. द्वितीय वर्ष के छात्र विकास पटेल ने 5000 मीटर मे दूसरा स्थान तथा कुलदीप कुमार बी .ए द्वितीय वर्ष नेक्रमशः 800 मीटर एवं 1500मीटर मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया छात्र छात्राओं का प्रतिनिधित्व खेल प्रभारी श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ,स्वाति सिंह एवं आशीष कुमार सिंह ने किया।

अंबिका सेवा संस्थान के प्रभारी अध्यक्ष ने बनवासी बस्ती में मनाया अपना जन्म दिवस

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। अम्बिका सेवा संस्थान के प्रभारी अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर मोहम्मदपुर विकासखंड के कई बनवासी बस्ती में कपड़ा वितरण किया तथा बिंद्रा बाजार इंग्लिश मीडियम स्कूल के सैकड़ों बच्चों को चॉकलेट यूपी पेन्सिल व दयालपुर स्कूल सैकड़ों बच्चों को मास्क का वितरण किया कोई बच्चे गर्म कपड़े चॉकलेट कॉफी मास्क पाकर काफी प्रसन्न नजर आ रहे थे इस मौके पर संस्था के प्रभारी अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि जीवन का असला आनंद इन बनवासी बच्चों के बीच जाता है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी जन्म दिवस के अवसर पर सैकड़ों बच्चों के बीच कपड़ा पेंसिल कापी कलम चॉकलेट मास्क का वितरण कर अपना जन्म दिवस मनाया इस मौके पर अंबिका सेवा संस्थान के दिनेश प्रजापति संतोष शर्मा पवन अस्थाना बंटी शर्मारवै रविंद्रबहादुर लक्की श्रीवास्तव आजाद सिंह प्रिंस कुमार आकाश अतीस शिवम समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

भारत का नाम लोकगीतों के माध्यम से दुबई में रोशन करेंगे मन्नू यादव

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। अंतरराष्ट्रीय सुप्रसिद्ध लोकगीत एवं बिरहा गायक डॉ मन्नू यादव उत्तर प्रदेश सहित भारत का नाम दुबई में जाकर रोशन करेंगे । दुबई में कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिएअपने 6 सदस्य दल के साथ मन्नू यादव दुबई के लिए रवाना हो गए हैं । मन्नू यादव ने बताया कि पूर्वांचल के लोकगीत कजरी बिरहा, पूर्वी, छपरहिया, कहरवा, दादरा, विरहिणी, खेमटा, पचरा, नकटा,लोरिकी,खडी. बिरहा का गायन व वीर रस के बिरहा में देश भक्ति तथा शहीदों में मंगल पांडे तात्या टोपे, नाना साहब, बहादुर शाह जफर, राव तुला राम सिंह यादव, झलकारी बाई,, वीर कुंवर सिंह, रणजीत अहीर, देवी प्रसाद ओझा, बाबू नंदन सिंह, बाबू बंधू सिंह जैसे कुछ गुमनाम शहीदों पर भी बिरहा की प्रस्तुति दुबई में होगी । उत्तर प्रदेश सरकार संस्कृति निदेशालय और बेसिक शिक्षा परिषद मिजार्पुर की ओर से डॉ मन्नू यादव और उनकी टीम लखनऊ से आज रात्रि रवाना हो जाएगी । शारजाह से दुबई जाकर मन्नू यादव भारतीय संस्कृति का लोकरंग प्रवासियों को अपनी मिट्टी के गीतों से परिचित कराएंगे वही भगवान श्री राम और कृष्ण पर आधारित कथानक पर भी बिरहा गीत पर प्रस्तुत करेंगे। डॉ यादव भारत सरकार द्वारा नेशनल अवॉर्ड उस्ताद बिस्मिल्लाह खान राष्ट्रीय युवा पुरस्कार वर्ष 2007, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार वर्ष 2013, बिलासा कला सम्मान वर्ष 2009, लोक भूषण सम्मान वर्ष 2012 मारीशस से सम्मानित एक लौते बिरहा गायक हैं। विदेशों में पंरचम लहराने वाले इकलौते कलाकार के रूप में मशहूर है। बिरहा दर्शन और कजरी मीमांसा नामक दो पुस्तकों की रचना करने वाले यादव पेशे से शिक्षक हैं ।डॉ यादव बेसिक शिक्षा परिषद मिजार्पुर प्राथमिक विद्यालय सरसा पर प्रधानाध्यापक पद पर तैनात हैं विभागीय स्वीकृति के साथ देश के लगभग सभी प्रदेशों के साथ मॉरीशस सूरीनाम भूटान आदि देशों की यात्रा कर चुके हैं। वाराणसी नदेसर स्थित मिन्ट हाउस से भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ,मुन्ना सिह शिवेन्द्र सिह गिरीश जी, बिक्रान्त जी विशाल राय गुरूदत यादव सहित गणमान्य लोगों ने सम्मान करते हुए विदा किया।

कैंप लगाकर लगाया गया कोविड-19 का टीका

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर के टिकरा खरंजा स्थित मदरसा शाहीदिया नूरुल उल उलूम के प्रांगण में स्वास्थ्य महकमा जमालपुर के निर्देश पर एएनएम मीना कुमारी के द्वारा कैंप लगाकर स्थानी मोहल्ला निवासियों को कोरोना की बचाव की दृष्टि से कोविड-19 का टीका लगाया गया स्थानीय नागरिकों ने इस कैंप में जाकर उत्साह पूर्वक टीका लगवाया मीना कुमारी ने बताया कि ब्लॉक मुख्यालय से 60 लोगो के लगने के लिए टीका उपलब्ध हुआ था जिसे मोहल्ले के नागरिकों को लगाया गया इस अवसर पर उपस्थित रहने वालों में असलम एडवोकेट, मो, शहजादे, वसीम खान, वसीम, नसीम अंसारी समेत मुहालवासी उपस्थित रहे।

मिजार्पुर एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने किया धरना प्रदर्शन

प्रखर मिजार्पुर । समसपुर स्थित अपैक्स इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज के बी एस एम एस के छात्रों ने कॉलेज प्रबंधक के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए धरना प्रदर्शन शुरू किया इसके पूर्व छात्रों ने कॉलेज कैंपस के अंदर शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन 3 महीने से कर रहे थे जिससे जिसे कॉलेज प्रशासन ने मौखिक रूप से आश्वासन देकर धरने को बंद कराया यह धरना सितंबर माह से लेकर नवंबर माह तक चला उसके बाद भी छात्रों को उनका हक नहीं मिल पा रहा था जिसकी वजह से छात्रों ने कॉलेज के गेट के सामने अपना धरना प्रदर्शन शुरू किया धरना प्रदर्शन 24 घंटे चल रहा है इसका के की ठंडी में जहां बिना किसी रजाई गद्दे के कमरे को बंद करके छत के नीचे लोग सोते हैं फिर भी उन्हें ठंड लगती है वहां मेडिकल के छात्रों ने खुले आसमान के नीचे अपना सुन लिया है बहुत ही शर्मनाक हुआ क्या उनके साथ की जा रही है 3 साल बीत गए फिर भी अभी तक उनका एग्जाम नहीं कराएगा छात्रों का कहना है या तो उनका परीक्षा कराया जाए या तो उनकी दी हुई फीस उनको पुनः वापस कर दिया जाए काली प्रशासन ने छात्रों को आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही मान्यता कराई जाएगी और उनका परीक्षा दिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हो पाया बिगड़ता मामला देखकर कालेज प्रबंधक एसके पटेल ने मामला कोर्ट में कह कर पल्ला झाड़ लिया है वही बच्चों ने जब कॉलेज के प्रधानाचार्य से बात करनी चाहिए तो उन्होंने बात करने से साफ मना कर दिया इससे बच्चों को अपना भविष्य अंधकार होते हुए दिख रहा है धरने का नेतृत्व कर रहे गौरव राय दिव्या अंजनी पटेल हरकेश शर्मा अविनाश बिंद और छात्र रहे।

जनरल रावत को कैंडल जलाकर कर दी गई श्रद्धांजलि

प्रखर चुनार मिजार्पुर। क्षेत्र के आर्यावर्त माध्यमिक विद्यालय सिंधोरा में गुरुवार को छात्रों ने कैंडिल जलाकर सीडीएस जनरल विपिन रावत एवं अन्य सैन्यकर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया। स्कूल में लोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानाचार्य श्रीश कुमार द्विवेदी ने जनरल विपिन रावत के चरित्र एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्हें देश का सच्चा सपूत एवं राष्ट्र भक्त बताया।देश के लिए किए गए उनके अभूतपूर्व योगदान की भी चर्चा की गई। छात्रों ने कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन धारण कर देश के सच्चे सपूत जनरल रावत के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया।इस दौरान प्रबंधक शंभूनाथ पांडेय, संतोष कुमार दूबे, अखिलेश कुमार सिंह, निर्मला देवी, चंद्रमा प्रसाद द्विवेदी, चंद्रावती देवी सहित अन्य लोग भी रहें।

दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में 99 अंक पाकर जमालपुर प्रथम

जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने पीटी ,डंबल, जिमनास्टिक, कबड्डी इत्यादि का किया शानदार प्रदर्शन

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। जनपद स्तरीय दो दिवसीय 67 वी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन मिर्जापुर नगर के महुआरिया में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में किया गया । जिसका समापन बुधवार को देर शाम हुआ । प्रतियोगिता में 99 अंक पाकर जमालपुर ने ऑल ओवर चैंपियन में प्रथम स्थान हासिल किया वही 86 अंक पाकर राजगढ़ द्वितीय स्थान पर तथा 65 अंक के साथ मड़िहान तृतीय स्थान पर रहा । प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए बच्चों ने पीटी , डंबल, लेजिम ,दौड़ ,कबड्डी ,ऊंची कूद ,सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । कार्यक्रम में समापन के मुख्य अतिथि रहे अपर जिला मजिस्ट्रेट नमामि गंगे अमरेंद्र वर्मा ,नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद के हाथों पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे । जिला बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता को संपन्न कराने में जिला व्यायाम शिक्षक विनोद यादव एवं जमालपुर विकास खंड के व्यायाम शिक्षक अवधेश कुमार सिंह सहित जनपद के समस्त खेल अनुदेशकों का विशेष सहयोग रहा । जमालपुर विकासखंड को ऑल ओवर चैंपियनशिप में प्रथम स्थान मिलने पर जमालपुर के खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार सिंह की लोगों ने सराहना करते हुए बधाइयां दी । इस अवसर पर अरविंद कुमार त्रिपाठी , आकाश उपाध्याय ,अमरेश सिंह प्रभाकर सिंह ,अखिलेश सिंह , सहित अन्य शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे । दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का सफल संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के मांडलिक मंत्री रमाकांत दुबे एवं प्रधानाध्यापक बृजेश भूषण सिंह ने किया । अंत में बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद ने सफल कार्यक्रम के लिए क्रीड़ा प्रतियोगिता को संपन्न कराने में लगे समस्त शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनको बधाई दिया ।

संक्षिप्त खबरें

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सम्पन्न

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। क्षेत्र के आर एस हॉस्पिटल एवं पैरामेडिकल नर्सिंग कॉलेज में एक सप्ताह से चल रहे खेलकूद प्रतियोगिता में गुरुवार को टी 10 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आर एस पैरामेडिकल कॉलेज एवं आर एस हॉस्पिटल के बीच खेला गया। आर एस पैरामेडिकल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आर एस हॉस्पिटल के समक्ष दस ओवर में 64 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में उतरी आर एस हॉस्पिटल की टीम दसवें ओवर में कुल 51 रन बनाकर आल आउट हो गई ।जीत के साथ ही आर एस पैरामेडिकल कॉलेज ने गोल्डन कप पर कब्जा कर लिया। आर एस हॉस्पिटल को सील्ड पाकर संतोष करना पड़ा। मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुराग पांडे ने 24 रन तथा तीन विकेट लेकर मैच को अपने टीम के कब्जे में ला दिए । अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर काफी भीड़ रही।

20 वर्षीय पुत्र घर से लापता, परिजनों ने पुलिस से लगाई गुहार

प्रखर ब्यूरो मरदह/गाजीपुर। थाना क्षेत्र के बरही राजभर बस्ती गाँव निवासी मदन राजभर का 20 वर्षीय पुत्र मुकेश राजभर कही लापता हो गया है, परिजनों द्वारा बहुत खोजबीन के बाद भी मुकेश का कही पता नही चल पा रहा है, जिससे परिजन थक हार कर गुरुवार को मरदह थाने में प्राथमिकी देकर पुलिस के यहां गुहार लगाई है। मुकेश रविवार 5 दिसम्बर को ही घर से बिना बताए निकला और अभी तक घर वापस नही लौटा है। माँ मंजू देवी पिता मदन राजभर अपने बेटे को लेकर काफी चिंतित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 फुट 6 इंच लंम्बे, गोल चेहरे एंव सावले रंग का लाल रंग का शर्ट और पैरों में हवाई चप्पल डाले मुकेश का परिजन खोजबीन में लगे हुए है लेकिन अभी तक उनको निराशा ही हाथ लगी है।

एक वारण्टी को भेजा गया न्यायालय

प्रखर केराकत जौनपुर। पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों एवं वाँछित वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय व क्षेत्राधिकारी केराकत महोदय के पर्यवेक्षण एवं दिशा झ निर्देशन में थाना केराकत जौनपुर पुलिस द्वारा प्र0नि0 केराकत लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व मे आज दिनांक 09.12.2021 को माननीय न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्लू वारण्ट प्रोसेस सम्बन्धित मु0नं0 611/2016 एसएसटी-47/18 धारा 135 वि0अ0- मे फरार चल रहे वारण्टी - वारण्टी आत्मा राम पुत्र हरिदास निवासी ग्राम गौसपुर मनियरा थाना केराकत जनपद जौनपुर न्यायालय ASJ/स्पे0 EC ACT जौनपुर उसके घर से समय 07.45 बजे प्रातः गिरफ्तार कर चालान सम्बंधित माननीय न्यायालय किया गया ।

ठग लेकर भागे एक लाख मूल्य के गहने

प्रखर जौनपुर। केराकत थाना क्षेत्र के चरनाडीह गांव में बुधवार की दोपहर ठग साफ करने के बहाने दो महिलाओं को झांसा देकर एक लाख रुपये से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण लेकर चंपत हो गए। पता चलने पर ग्रामीणों ने पीछा किया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। स्कूटी सवार दो युवक दोपहर गांव में पहुंचे। पुराने बर्तन व आभूषण साफ कराने के लिए आवाज लगाने लगे। सुरेंद्र दीक्षित व संतोष के घर के घर की दो महिलाएं बाहर निकलीं। उन्होंने उनके झांसे में आकर सोने का मंगलसूत्र, कान के टप्स व झुमके साफ करने को दे दिया। आभूषण लेने के बाद साफ करने के लिए दोनों से गर्म पानी लाने को कहा। महिलाएं घर में गईं। इसी दौरान दोनों ठग आभूषण लेकर चंपत हो गए। महिलाएं गर्म पानी लेकर बाहर आईं तो दोनों को नदारद देख चकरा गईं। ठगी का शिकार होने का आभास होने पर शोर मचाने लगीं। गांव के कुछ युवक बाइक लेकर ठगों की तलाश में निकल पड़े, किंतु उनका कोई सुराग नहीं पा सके। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ठगों का हुलिया व स्कूटी का रंग आदि पूछने के बाद खोज में काफी भागदौड़ की, परंतु कहीं पता नहीं चल सका।

स्वच्छता अभियान के तहत गांवो में लगा झाड़ू

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड में पंचायत विभाग द्वारा के विभिन्न गांवो में चले दो दिवसीय स्वच्छता अभियान के तहत गुरुवार को समापन हुआ। शासन के निर्देश पर चलाये गए स्वच्छता अभियान के तहत विकास खंड के 104 ग्राम पंचायतों में पहले दिन क्लस्टर वार टीम बनाकर सफाई अभियान चलाया गया। जिसके तहत पूरे ग्राम सभा की झाड़ू लगा और साफ सफाई वृहद स्तर पर की गई। दूसरे दिन न्यायपंचायत वार सफाई अभियान चला। इस दौरान उपजिलाधिकारी/ प्रशिक्षु बीडीओ शैलेंद्र कुमार वर्मा, एडीओ पंचायत अशोक चौबे समेत सेक्रेटरी व सफाईकर्मी मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री ने अपने आवास पर दिया जनरल विपिन रावत समेत सभी शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि

प्रखर गंभीरपुर/आजमगढ़। कुन्नूर में सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश होने के कारण भारत के पहले सीडीएस बिपिन रावत समेत उनकी पत्नी व अन्य जवानों के निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि पूर्व राज्य मंत्री डॉक्टर कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा ने अपने आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित किया और ईश्वर से कामना किया कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में उच्च स्थान प्रदान करें इस मौके पर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि देश की अपूर्ण क्षति हुई है जिसकी भरपाई करना संभव है सीडीएस बिपिन रावत हमेशा तीनों सेनाओं को जोड़ कर चलने वाले विश्व की बुलंदियों पर भारत का नाम उज्जवल करने वाले इनका बलिदान देश हमेशा याद रखेगा।इस मौके पर क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे मैं मुख्य रूप से विजय मिश्रा, अड्या ठठेरा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

महिलाओं के प्रति नजरिया बदलने के लिए महिलाओं ने निकाली रैली

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रगति पथ फाउंडेशन द्वारा इब्तिदा नेटवर्क के सहयोग से विकासखण्ड बड़ागाँव में 16 दिवसीय महिला हिंसा और महिला अधिकार अभियान के अंतर्गत ग्राम सभा कनियर में नजरिया बदलो जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ रैलि निकाली गयी। रैलि का उद्देश्य पुरुषप्रधान समाज को महिलाओं के प्रति नजरिया बदल कर महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा व भेदभाव को समाप्त करना है। रैलि को कनियर की ग्राम प्रधान श्रीमती उषा रानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली नारायणपुर से निकाल कर कनियर गाँव के विभीन्न मार्गो से होते हुये हरीपुर तक गयी, हरीपुर से वापस लौटकर नारायणपुर में समाप्त हुई। जहां पर महिलाओं ने महिलाओं और बच्चियों के साथ हो रहे हिंसा व भेदभाव पर चर्चा कीं। रैलि के दौरान महिलाओं ने ह्लहमें नहीं, हमारे अधिकारों को सुरक्षित करो... महिलाएं हैं देश के तरक्की का आधार, उनके प्रति बदलो अपने विचार.... मर्द नहीं है वो जो

महिला पर हाथ उठाए, जो नारी को सशक्त करे वही मर्द कहलाए...महिलाओं को सम्मान दिलाना है, महिला सशक्तिकरण के संदेश को सब तक पहुंचाना है...., जब महिला में शक्ति होगी, तभी राष्ट्र की उन्नति होगी `महिलाओं ने यह ठाना है, शोषण के विरुद्ध आवाज उठाना है...सम्मान, प्रतिष्ठा और प्यार महिला सशक्तिकरण के हैं अधिकार...महिला शक्ति का परचम दिखाना है, महिलाओं को आगे बढ़ाना है नहीं सहना है अत्याचार, महिला सशक्तिकरण का यही है मुख्य विचार आदि यही नारे लगते और हाथ में तख्तियाँ लिए चल रहीं थीं। रैली के पश्चात प्रगति पथ फाउंडेशन की महासचिव श्रीमती नीलम पटेल ने कहा कि पुरुषप्रधान समाज महिलाओं को कमजोर समझता है और उनके सुरक्षा के नाम पर कई प्रकार के बन्दिशें लगाता है। पुरुषप्रधान समाज को महिलाओं पर नियंत्रण करने का ह्लसुरक्षाह्व नामक हथियार मिल गया है, जो समय समय पर महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकने के लिए करता है। सुरक्षा के नाम पर महिलाओं के अधिकारों का लगातार हनन किया जा रहा है, जबकि हकीकत यह है कि महिलाएं अधिकांशतः पुरुषों द्वारा ही असुरक्षित हैं। सुरक्षा के नाम पर महिलाओं को पंगु बना दिया गया है, जिससे उनके आत्मविश्वास में कमी आती है। वे न तो स्वयं कोई फैसला ले सकती हैं, अपने मन से न ही कोई काम कर सकती हैं और महिलाएं बचपन से ही कुंठित होती जाती हैं। वहीं दूसरी तरफ महिलाओं के रक्षा के लिए जो देश की मौजूदा कानून और नीतियाँ हैं, ये कानून वास्तव में उनकी 'रक्षा' कर रहे हैं या दंडात्मक नियंत्रण कर उनके अधिकारों को सिमित कर रही है, इस विषय पर गभीर चर्चा की आवश्यकता है। इसलिए महिलाओं के विकास के लिए यह अतिआवश्यक है कि महिलाओं के प्रति पुरुष व पुरुषप्रधान समाज अपना नजरिया बदले और महिलाओं को सुरक्षित करने के बजाय महिलाओं के अधिकारों को सुरक्षित करे। रैली का संयोजन सीता देवी ने कि और अगुवाई प्रगति पथ फाउंडेशन की महासचिव श्रीमती नीलम पटेल ने किया। रैलि में विभिन्न महिला संगठन और किशोरी संगठन की किशोरियाँ सम्मिलित रहीं। जिनमें से प्रमुख रूप से प्रमिला, सुनीता पटेल, मीरा, अनीता, इंद्रावती, रेखा, रम्पत्ति, सोनम, सुधा, आरती, गीता, दीपक पुजारी आदि ने सहयोग प्रदान किया।

कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़नकर्ताओं के खिलाफ हो विधिक कार्रवाई : डीएम

प्रखर जौनपुर । कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम-2013 के प्राविधानों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से जिलास्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिया गया कि सभी विभागों में आंतरिक परिवार कल्याण समिति की बैठक कर ली जाए। सभी विभागों में पीपीटी के माध्यम से कार्मिको को भी जागरूक किया जाए। कार्यालय में कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मान मिले। कार्यस्थल पर लैगिक उत्पीड़न करने वाले के विरूद्व विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, सचिव रेडक्रास सोसाईटी मनोज वत्स, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, संजय उपाध्याय, जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह, बबीता सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस ने सदस्यता अभियान चलाकर जोड़ा 200 से ज्यादा छात्राओं को जोड़ा

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के लड़की हूं लड़ सकती हूं नारे के अंतर्गत गुरुवार को महिला जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी वाराणसी अनुराधा यादव ने अभियान चलाकर चांदपुर स्थित मां सरस्वती पीजी कॉलेज में क्षात्राओ के बीच जाकर प्रियंका गांधी की घोषणाओ एवं प्रतिज्ञा को समझाया तथा सदस्यता अभियान के तहत 200 से ज्यादा नए वोटरों को जोड़ा।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कमलेश ओझा, जिला कांग्रेस कमेटी वाराणसी के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल,काशी विद्यापीठ की ब्लॉक अध्यक्ष आशा देवी,महिला कांग्रेस की पदाधिकारी सहायता यासमीन एवं साथीगण मौजूद रहे।

नाजायज गाँजा के साथ गैंगस्टर एक्ट का आरोपित पकड़ाया

प्रखर खेतासराय जौनपुर। स्थानीय पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी । काफी दिनों से फरार चल रहे शातिर गैंगस्टर एक्ट के एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित के पास से दो किलो चौबीस ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय ने बताया की गुरुवार की सुबह 9 :45 बजे कलापुर मोड़ पर वह उपनिरीक्षक हरिशंकर यादव, कां.दिनेश यादव, का. राजकुमार यादव के साथ गश्त पर थे। चेकिंग के दौरान एक युवक को संदिग्ध हालत में देख पुलिस ने रोककर पुछताछ किया तो वह जाफराबाद का गैंगस्टर वांछित निकला। उसने पुलिस को अपना नाम नान्हू उर्फ विजय विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय राम समुझ निवासी शेख अशरफपुर थाना खुटहन बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से दो किलो 24 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपित पर कई थानों में विभिन्न धाराओं में अपराधिक मुकदमें पंजीकृत हैं।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा किया गया

प्रखर वाराणसी। रामनगर की कामकाजी बैठक श्री राम अकैडमी रामपुर में आहूत की गई, जिसमें मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी मधुकर चित्रांश जी एवं बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने किया, बैठक में प्रमुख रूप से 13 दिसंबर को देश के सबसे प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा किया गया कि नगर के देवालय ,शिवालय मंदिरों में 1001 दीपो से सजावट दीपोत्सव कार्यक्रम दिवाली जैसा माहौल बनाने का कार्य करेंगे, उस दिन मंदिरों में जलाभिषेक के साथ भजन कीर्तन एवं घरों को दीपों से सजाने का कार्य रामनगर मंडल के कार्यकर्ता करेंगे । बैठक में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह विकाश केशरी विक्रम विज सुनील गुप्ता महेश पटेल सुरेंद्र नाथ श्रीवास्तव अभिषेक सिंह दुर्गा सहानी धीरेंद्र प्रताप सिंह अर्जुन शर्मा प्रमोद राजभर पवन सिंह पंकज बारी श्याम जी प्रजापति पुरुषोत्तम केसरी संतोष पटेल मान सिंह मौर्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सभी पत्रकारों को सुरक्षा और सहयोग प्रदान करने की सरकार से मांग

प्रखर जखनियां गाजीपुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व ही प्रदेश में राज्य स्तर/जनपद स्तर पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के कार्यों की विशिष्टता के दृष्टिगत उनके स्वास्थ्य जोखिमों के कारण उन्हें एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को सरकारी चिकित्सालयों के अतिरिक्त नजदीकी प्राइवेट चिकित्सालयों में भी उपचार कराए जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित करते हुए चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने का निर्णय लिया है। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्देश जारी कर दिया गया है, जो निश्चित ही स्वागत योग्य है। इसके साथ ही सरकार को गैर मान्यताप्राप्त पत्रकारों को भी सारी सुविधाएं उपलव्ध कराने पर भी ध्यान देना चाहिए। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग सक्सेना के हवाले से राष्ट्रीय सलाहकार डा.ए.के.राय ने कहा कि पत्रकार सरकार और समाज के बीच की मजबूत कड़ी है। गैर मान्यता प्राप्त पत्रकार भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कार्य को अंजाम देते हैं ऐसे में सरकार का कर्तव्य है कि वह गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी सहायता और सुरक्षा प्रदान करे। उन्होंने कहा कि लगातार सच का सामना कराने पर आज पत्रकारों के साथ अभद्रता, मारपीट व झूठे मुकदमे दर्ज होने के मामले सामने आ रहे हैं। सरकार द्वारा पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करने पर कार्यवाही होने की बात तो कही जाती है लेकिन कोई कार्यवाही न होने से दबंगों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं और इस पर सरकारों का उदासीन रवैया चिंतनीय है। उल्लेखनीय है कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है कि पत्रकार निष्पक्ष और निर्भीक होकर अपने काम को अंजाम दें। इसके लिए पत्रकारों की संरक्षा व सुरक्षा अति आवश्यक है। पत्रकार हितों के लिए पत्रकारों के संगठन काफी समय से पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग करते आ रहे है लेकिन सरकारें इस पर ध्यान नहीं दे रही। निकट भविष्य में ही पांच राज्यों मे विधानसभा चुनाव हैं पर अभी तक किसी पार्टी ने भी पत्रकार हितों के लिए कोई घोषणा नहीं की।

विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

प्रखर जौनपुर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 की तैयारियों के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर उनके दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहां की विधानसभा निर्वाचन में सेक्टर मजिस्ट्रेट की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। निर्वाचन-2022 में जो जिम्मेदारी दी गई है, उसके अनुसार अपनी तैयारी सुनिश्चित कर लें। अपने क्षेत्र में पड़ने वाले बूथों का निरीक्षण करके वहाँ मूलभूत आवश्यक सभी सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उसकी रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को भेज दें। जिससे समय से रहते सभी प्रकार की समुचित व्यवस्था कराई जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी लोग टीम भावना से कार्य करें।

राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने मीडिया सेंटर का किया शुभारंभ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। 13 दिसम्बर को प्रधानमंत्री मोदी के हाथों विश्वनाथ धाम के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर देश दुनिया की मीडिया को सूचनाओ का आदान प्रदान करने की दृष्टि से नदेसर मिंट हाउस पर मीडिया सेंटर का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कहा कि 13 दिसम्बर से लेकर 12 जनवरी तक पुरे एक माह तक एक अद्भुत कार्य काशी की पवित्र धरती पर होने जा रहा है। विश्वनाथ धाम के लोकार्पण से लेकर तीस दिनो तक धाम के अंदर लगभग तीस कार्यक्रम होंगे। उन्होनें कहा कि इससे पूर्व 5 दिसंबर से स्वच्छता अभियान व 8 दिसम्बर से संकिर्तन, भजन एवं प्रभात फेरी के कार्यक्रम शुरू हो गये है। राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कहा कि विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के अवसर पर पुरे काशी में उत्सव का वातावरण होगा, 5 लाख घरो तक सम्पर्क कर दीप जलाने का आव्हान किया जाएगा। जब प्रधानमंत्री मोदी जी विश्वनाथ धाम में पूजा करेंगे तब 7 लाख घरो तक पुस्तिका एवं प्रसाद वितरण का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में देश भर के संत, महात्मा, विद्वतजन आने वाले है। इस कार्यक्रम को देशभर के 15444 मंडलो में 51 हजार स्थानो पर लाइव दिखाया जाएगा जिसमें प्रत्येक स्थान पर 500 से 700 लोग इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे `13 तारीख का कार्यक्रम 135 करोड़ लोगो के मन मष्तिक को जोड़ने का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि इस मीडिया सेंटर के माध्यम से इस अद्भुत कार्यक्रमसे जुडी सूचनाओ का आदान प्रदान किया जाएगा। इस मीडिया सेंटर पर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र, प्रदेश एवं स्थानिय मीडिया टीम सूचनाओ के आदान प्रदान के लिए उपलब्ध रहेगी। प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने कहा कि सबके मन मष्तिष्क मे बसा हुआ बाबा विश्वनाथ धाम के पुनर्निर्माण का चल रहा है।13 दिसम्बर को प्रधानमंत्री मोदी जी के हाथों इस विश्वनाथ धाम के लोकार्पण का कार्य होगा जिसमें देश भर संत महात्मा काशी आ रहे है। 13 दिसम्बर को काशी में क्या क्या होने वाला है इसके जानने के लिए देश दुनिया के लोग आतुर है। इस अद्भुत एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम को देश और दुनिया में पहुचाने के लिए पुरे देश भर से राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया की टीम काशी आएगी उन सभी को विश्वनाथ धाम के लोकार्पण से जुडी सूचनाओ को देने का कार्य इस मीडिया सेंटर के माध्यम से किया जाएगा। काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वनाथ धाम के इस ऐतिहासिक लोकार्पण कार्यक्रम पर देश,दुनिया की निगाहें लगी हुई है लोग कोतुहल भारी नजरो से इस मंजर को देखना चाहते है,इसमें भी कोई शक नही की इस ऐतिहासिक क्षण की कवरेज के लिए देश दुनिया की मीडिया काशी आएगी `सूचनाओं के बेहतर आदान प्रदान की दृष्टि से इस मीडिया सेंटर का शुभारंभ किया गया है साथ ही स्थानीय और बाहर से आने वाले मीडिया बंधुओ विशेष कर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बंधुओ को वाईफाई,इंटरनेट के साथ ही लोकार्पण से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध होंगी मीडिया सेंटर को पूरी तरह से हाईटेक बनाया गया है लैपटॉप आदि की सुविधाएं भी यहां उपलब्ध होंगी।

भोजपुरी 'ट्रेंडिंग स्टार' खेसारीलाल यादव - अक्षरा सिंह की बादशाह के मेगा हिट पानी पानी का भोजपुरी वर्जन रिलीज

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बॉलीवुड रैपर बादशाह की साल की ग्लोबल हिट पानी पानी का भोजपुरी वर्जन गुरुवार को सारेगामा हम भोजपुरी द्वारा बनारस के नदेसर स्थित होटल ताज में रिलीज कर दिया गया है। भव्य कार्यक्रम के दौरान ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव,प्रसिद्ध एक्ट्रेस अक्षरा सिंह, सारेगामा के सीएमडी विक्रम मेहरा, गायिका ऋणी चंद्रा मौजूद रहें। ग्लोबल हिट पानी पानी का भोजपुरी वर्जन रिलीज होते ही खूब वायरल हो हरा है। गाने में भोजपुरी ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव और सुपर हॉट अक्षरा सिंह नजर आ रही हैं वहीं अपने ट्रेडमार्क स्वैग के साथ बादशाह भी इस गाने में भोजपुरी रैप करते नजर आ रहे हैं। जबकि गाने की फीमेल वोकल्स रिनी चंद्रा ने दी हैं, जिसे आस्था गिल ने हिंदी ओरिजिनल में गाया था। पानी पानी का भोजपुरी संस्करण आज सारेगामा हम भोजपुरी के यूट्यूब चैनल पे रिलीज किया गया है साथ ही सभी

प्रमुख संगीत स्ट्रीमिंग ऐप पर भी उपलब्ध है। यह जोड़ी कभी ऑन और ऑफ-स्क्रीन काफी लोकप्रिय जोड़ी थी। एक लंबे अंतराल के बाद, भोजपुरी पानी पानी वीडियो में अब फिर से दिखाई दे रही, जो अपने विभिन्न लुक्स और सिजलिंग केमिस्ट्री में पारा को बढ़ा रही है। अक्षरा और खेसारी बेहतरीन लुक में सिग्नेचर पानी पानी हुक स्टेप कर रहे हैं। खेसारी और अक्षरा के बीच की डायनामिक केमिस्ट्री खूब धमाल मचा रही है और फैंस इसे खूब पसंद भी कर रहे हैं। वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेसारीलाल यादव ने कहा कि पानी पानी साल का सबसे बड़ा हिंदी गाना है और इसे भोजपुरी में फिर से तैयार करने का मौका मिलना, बेहतरीन अनुभव है। जब सारेगामा हम भोजपुरी ने मुझसे भोजपुरी वर्जन करने के लिए संपर्क किया तो मैंने एक दम हाँ कर दिया। इसे और खास बना दिया गया कि मुझे वीडियो में अक्षरा सिंह के साथ मूव्स करने को मिले और बादशाह भाई ने भोजपुरी में रैप किया है। मुझे लगता है कि यह भोजपुरी संगीत का सबसे बड़ा गाना होने जा रहा है। सिजलिंग अक्षरा कहती हैं मूल पानी पानी के सिग्नेचर हुक स्टेप का मिलान करना एक बड़ी उपलब्धि थी। वीडियो को बहुत बड़े पैमाने और ग्लैमर के साथ शूट किया गया है और मुझे खेसारी के साथ लंबे अंतराल के बाद काम करना अच्छा लगा। यह मेरे प्रशंसकों के लिए साल के अंत में एक उपहार होने जा रहा है - यह हर पार्टी प्लेलिस्ट का हिस्सा होगा।

मछलीशहर में दो समुदाय में मारपीट, कई घायल

प्रखर जौनपुर। मछलीशहर तहसील के पीछे स्थित सब्जी मंडी में गुरुवार सुबह दो समुदाय के दो व्यापारियों के बीच शुरू हुई मारपीट में कई लोग शामिल हो गए। इस दौरान मौके पर उपस्थित आरएसएस के नगर प्रचारक समेत सात लोग घायल हो गए। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने बाजार बंद करवा दिया है। क्षेत्र में कई थानों की फोर्स को तैनात कर दिया गया है। शहर में अघोषित कर्फ्यू जैसे हालात हैं। हालांकि स्कूल, कॉलेज खुले हैं, लेकिन बाजार के अंदर आने वालों को बाहर से ही भेज दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, शाही रोड निवासी रोहित गुप्ता का भांजा राजा आज सुबह स्कूल जा रहा था। उसका आरोप है कि स्कूल के पास मुंह बांधे कुछ लोग पहुंचे और उसे पीटने लगे। घटना की जानकारी जब परिवार के लोगों को हुई तो वे सब्जी मंडी में दूसरे समुदाय के व्यवसायी के घर पूछताछ के लिए पहुंच गए। जहां किसी बात को लेकर उनमें मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों समुदाय से सरजू देवी(70) पत्नी स्वर्गीय हरिश्चंद्र, ऋषभ(26), सरवर राइन(40) पुत्र सिद्दीक, मो. इदरीश(67) पुत्र सलामत, रोहित भोज्यवाल(21) पुत्र हरिश्चंद्र, राजा(19) पुत्र संजय गुता और सरिता देवी(35) पत्नी संजय कुमार लोग घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सरिता देवी को हालत गंभीर देख रेफर किया गया है। इस घटना में मौके पर गए आरएसएस के नगर प्रचारक ऋषभ को चोट लगने की जानकारी होने पर स्वयंसेवक भी एकत्रित हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पांडेय, चौकी इंचार्ज सकलदीप सिंह मौके पर पहुंचे और भीड़ को तितर-बितर करने के बाद बाजार को बंद करवा दिया। एसडीएम ज्योति सिंह, सीओ अतर सिंह सर्किल की फोर्स के साथ बाजार में गश्त कर रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

काल भैरव मंदिर में स्वर्गीय विपिन रावत को दी गयी श्रद्धांजलि

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। गर्भ गृह में मंगला आरती के समय भारत के जांबाज सीडीएस स्वर्गीय विपिन रावत को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गई काल भैरव मंदिर में बाबा के सम्मुख योगी प्रकाश नाथ योगेश्वर ,महंत रोहित योगेश्वर ,योगी धर्मेंद्र नाथ गोस्वामी, रमेश जी एवं अन्य भैरव मंदिर परिवार के लोग उपस्थित थे` इस अवसर पर योगी योगेश्वर ने कहा कि सीडीएस श्री रावत का आकस्मिक निधन की राष्ट्र की बहुत बड़ी क्षति है भगवान अखंड भारत वर्ष को एवं समस्त भारतवासियों को शक्ति प्रदान करें इस आपदा से से लड़ने के लिए और श्री रावत के परिवार के सदस्यों को शक्ति प्रदान करें एवं उनके साथ जितने भी लोग इस दुर्घटना में इनका निधन हुआ उनके परिवारों के लिए भी एक शांति पाठ का आयोजन किया गया और उन सभी के परिवारों के लिए भगवान से कामना की गई पूरी शक्ति प्रदान करें।

राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में पूर्वांचल शूटिंग एकेडमी का दबदबा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कोच सत्यम सिंह ने बताया कि भोपाल में 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक आयोजित 64 वी राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में पूर्वांचल शूटिंग एकेडमी के सिद्धार्थ सिंह, शाश्वत गौतम, हर्ष मिश्रा, हर्षित वर्मा और आयुष सैनी ने उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए बेहतरीन प्रदर्शन कर 10 मीटर एयर राइफल प्रतिस्पर्धा में प्रख्यात निशानेबाज की ख्याति प्राप्त करने के साथ-साथ अगले महीने आयोजित होने वाली भारतीय शूटिंग टीम के सिलेक्शन ट्रायल के लिए भी चयनित हुए हैं इस विशेष मौके पर यूपी टीम के मैनेजर श्री विशाल विश्वकर्मा जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के साथ-साथ भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करते रहने के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

उचक्कों नें लाखों के गहनों पर किया हाथ साफ

प्रखर जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के सर्की पुलिस चौकी के ग्राम पूरनपुर गाँव निवासी सुरेन्द्र प्रताप दीक्षित के घर पर बुधवार के दिन दोपहर में दो ब्यक्ति अपाची गाड़ी से पहुंचे और कंपनी की तरफ से निशुल्क गहना साफ करने की बात कही जिसके बाद घर पर रही महिलाओं ने गहना उन्हें साफ करने के लिए दे दिया जिसमें कान का झाला, एक टप्स, और एक मंगलसूत्र और एक पायल को एक डिब्बे में डालकर रख दिया और दो घंटे के बाद निकालने की बात कही जिसके बाद वे चले गये और जाने के बाद घर की महिलाओं ने देखा तो सारे गहने गायब मिले घर के लोग हतभ्रम रह गये जिनके घर 19 को लड़की की शादी भी पड़ी है । वही गांव के संतोष वर्मा की पत्नी बबिता वर्मा का भी मंगलसूत्र लेकर ठग चम्मत हो गये पीड़ित ने बताया कि ठगो की उम्र लगभग तीस वर्ष के आस पास रही होगी जिसकी चर्चा क्षेत्र में जोरो पर पूरे दिन होती रही ।

फूलपुर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर की गैंगेस्टर के तहत कुर्क की कार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना के पिंडरा निवासी व पूर्व ग्राम प्रधान तथा थाने के हिस्ट्रीशीटर सिज्जन यादव की ब्रेजा कार फूलपुर पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर ली। फूलपुर इंस्पेक्टर मुन्नाराम घोसिया ने बताया कि पूर्व में गैंगेस्टर एक्ट के कार्यवाही के तहत सिज्जन यादव की जमीन कुर्क की गई थी।उसके बाद अब ब्रेजा कार की कुर्की की गई। पुलिस ने कुर्क करने के बाद कार को जब्त कर थाने लाई। वही पुलिस उसके अन्य संपत्तियों के बारे में ब्यौरा एकत्र कर कुर्क करने की कार्रवाई में जुटी है। इसके पूर्व पुलिस ने उसके नाम के करोड़ों रुपये की जमीन कुर्क कर चुकी है। इंस्पेक्टर के मुताबिक 14 ए गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाई की गई। उसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है।

तमंचा व कारतूस के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

प्रखर दुल्लहपुर (गाजीपुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के हरदासपुर खुर्द मऊ जनपद के सरसेना बॉर्डर पर गुरुवार के सुबह तमंचा व चार कारतूस के साथ स्थानीय पुलिस ने एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। एसओ शैलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त विजय नाथ पांडेय पुत्र राम हर्ष पांडेय निवासी साहपुर (कानूनगो) रासेपुर थाना तरवा जनपद आजमगढ़ का निवासी है ।जिसके पास से एक 12 बोर का तमंचा व चार कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है। जो अपराध के मामले में पूर्व में भी जेल जा चुका है। इसके संबंध में स्थानीय थाना पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं